हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## यात्री बोले- धन्यवाद इंडियन रेलवे

- रेलवे प्रशासन ने सप्ताहभर के भीतर दोनों स्टेशनों में लगाए नए पंखे, अब सरस्वती नगर में पानी की भी मिलेगी सुविधा


हरिभूमि
रायपुर भूमि
शहर का अनोखा रेलवे स्टेशन... न पानी न पंखा, खुले में करो लघुशंका

खबर का असर



नए भवन में टिकट काउंटर खुला।

# छोटे स्टेशनों की बड़ी समस्या को हरिभूमि ने उठाया, तब रेलवे ने ली सुध, अब वहां पानी, पंखे और शौचालय की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से लगे सरस्वती नगर और डब्लूआरएस हॉल्ट स्टेशन पर अब यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। पहले जहां यात्रियों के लिए पानी, पंखे और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी थी, वहीं अब रेलवे ने इन स्टेशनों में सुविधाओं का विस्तार किया है। 23 फरवरी के अंक पर हरिभूमि में प्रकाशित खबर ''शहर का अनोखा रेलवे स्टेशन... न पानी न पंखा, खुले में करो लघुशंका'' में इन हाल्ट स्टेशनों पर हो रही ▶▶|शेष पेज 13 पर

### स्टेशन निर्माण के बाद अब मिलेगा पानी



सरस्वती नगर हॉल्ट स्टेशन पर रोजाना सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक 800 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। हालांकि स्टेशन निर्माण के बाद से यहां यात्रियों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब रेलवे ने इस समस्या का समाधान निकाल लिया है। प्लेटफार्म पर पानी की सुविधा के लिए स्थान निर्धारित कर लिया गया है और निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस महीने से यात्रियों को ठंडे पानी की सुविधा मिलने लगेगी।

### 2 साल बाद नए भवन में टिकट काउंटर

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने सरस्वतीनगर हॉल्ट पर नए टिकट काउंटर और वेटिंग रूम का निर्माण किया था, लेकिन पिछले दो साल से इस भवन पर ताला लगा हुआ था। आखिरकार इस नए भवन में टिकट काउंटर को शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। नए भवन में यात्रियों के लिए वेटिंग रूम और शौचालय की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है, जिनकी कमी के कारण पहले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। हरिभूमि ने स्टेशन पर शौचालय की कमी को प्रमुखता से उजागर किया था, जिसके बाद ये सुविधाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।

## खबर संक्षेप

### आज फिर होगी कैबिनेट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की 24वीं बैठक सोमवार 3 मार्च को दोपहर 12 बजे होगी। यह बैठक छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रतिकक्ष में होगी। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की एक बैठक रविवार को हुई है। माना जा रहा है कि यह बैठक विधानसभा में बजट पेश करने से पहले होगी।

### डॉक्टर से ऑनलाइन छह लाख की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक डॉक्टर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ऑनलाइन छह लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. सतीश राजपूत ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति के नंबर से उसके बैंक के नाम से केवाईसी एपीके फाइल आई। एपीके फाइल सतीश ने जैसे ही डाउनलोड की। तीन दिन बाद डॉक्टर के अकाउंट से 30 ट्रांजेक्शन के माध्यम से जालसाज ने रुपए उड़ा लिए।

### दो माह में ड्रंक एंड ड्राइव के ढाई सौ मामलों में कार्रवाई

**रायपुर।** राजधानी पुलिस शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने दो महीने के भीतर ढाई सौ नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार देर रात वीआईपी रोड, एयरपोर्ट मार्ग तथा टेमरी के पास शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 14 नशेड़ी वाहन चालकों को पकड़ा है।

### काम पर नहीं आने से नाराज ठेकेदार ने की मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक मजदूर ने अपने ठेकेदार के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवपुरी निवासी दूजराम चतुर्वेदानी ने जितेंद्र वर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दूजराम ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र मकान निर्माण ठेकेदारी का काम करता है। वह जितेंद्र के साथ पूर्व में काम करता था। पैसे नहीं देने पर दूजराम किसी दूसरे ठेकेदार के साथ काम करने लगा। इस बात से नाराज होकर जितेंद्र ने दूजराम के साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर की पिटाई

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक ऑटो चालक ने एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द आरडीए कॉलोनी निवासी चांद बाबू ने एहसान खान, उसकी पत्नी तथा भाई के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चांद बाबू ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास ऑटो पार्क कर रहा था। इस दौरान एहसान, उसकी पत्नी तथा भाई ने उस पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी

# बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अवसाद में आकर हार्ट अटैक से बायसन की मौत, कुनबा बढ़ाने की पहली कोशिश फेल

हरिभूमि लगातार

बार नवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए गए दो बायसन में से एक बायसन की मौत होश में लाने दी गई एक्सपायरी दवा से हुई है। इस बात की पुष्टि वन अफसरों ने भी की है। जिम्मेदार डॉक्टर को शोकाज नोटिस जारी कर जंगल सफारी स्थित वेटनरी मेडिकल स्टॉक को सील कर दिया गया है। वन्यजीव के जानकारों के अनुसार जांच किए बगैर डॉक्टर बायसन को होश में लाने रिवाइवल डोज की डॉट लगा सकता है। वन्यजीव प्रेमियों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल पीओआर दर्ज कर वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है। एक्सपायरी दवा लगाने का अपराध डॉक्टर द्वारा कबूल करने की बात सामने आई है।

गुरुघासीदास नेशनल पार्क जो अब नया टाइगर रिजर्व बन गया है। वहां बायसन की संख्या बढ़ाने बारनवापारा अभयारण्य से बायसन ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए 25 जनवरी को एक नर तथा एक सब एडल्ट मादा बायसन रेस्क्यू कर गुरु घासीदास नेशनल ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बेहोश करने और होश में लाने इस दवा की डोज दी गई

बायसन को बेहोश करने जो डॉट लगाई गई, उसका नाम कैप्टिवान था। कैप्टिवान मॉर्फिन से तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज रहता है। ऐसे में नर बायसन की भी गुरुघासदास टाइगर रिजर्व में मौत होने की आशंका है, नर बायसन को जहां छोड़ा गया है वहां उस बायसन के बारे में अब तक वन अफसरों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाई है। होश में लाने एक्टिवान नामक दवा दी गई थी। प्राप्त दस्तावेजों के मुताबिक एक्टिवान 10 माह पूर्व ही एक्सपायरी हो गई थी। दोनों दवाएं दक्षिण आफ्रीका से खरीदी गई थी।

### पांच और बायसन शिफ्ट किए जाने की थी तैयारी

बारनवापारा से दो बायसन शिफ्ट किए जाने के तत्काल बाद पांच और बायसन शिफ्ट किए जाने की तैयारी थी। बायसन की मौत की खबर आने के बाद कुछ वन अफसर बायसन की शिफ्ट करने के विरोध में आ गए। अफसरों के विरोध के चलते बायसन की शिफ्टिंग की योजना अधर में लटक गई। बायसन शिफ्ट करने की स्थिति में और पांच मूक वन्यजीवों की मौत तय थी। गुरु घासीदास नेशनल पार्क में 40 बायसन शिफ्ट किए जाने हैं।

### डॉक्टर को शोकॉज नोटिस

बायसन की मौत एक्सपायरी दवा की डोज से होने की बात सामने आने के बाद डॉक्टर को शोकाज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल एक वेटनरी डॉक्टर की मांग की गई है। जंगल सफारी स्थित वेटनरी मेडिकल को सील कर दिया गया है।

**- सतोविशा समाजदार**
सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

### एक्सपायरी दवा से मौत

बायसन की मौत एक्सपायरी दवा की वजह से हुई है, इसके पूरे दस्तावेज हमने शासन के पास भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिम्मेदारों को बताना होगा कि एक्सपायरी दवा का इस्तेमाल क्यों किया गया। दवा को बायसन शिफ्ट करने के एक माह पूर्व बलौदाबाजार भेजा गया, ऐसे में दवा भेजने के पहले जांच क्यों नहीं की गई?

**- नितिन सिंघवी,** वन्यजीव प्रेमी

# दसवीं की परीक्षाएं आज से, 5 लाख 71 हजार छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचेंगे 25 हजार शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं की परीक्षाएं आज से आयोजित की जाएंगी। शुरुआत हिंदी विषय से होगी। इसके पूर्व शनिवार को बाहरवीं कक्षा की परीक्षाओं की शुरुआत भी हिंदी विषय से हुई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 23 हजार 227 नियमित और 7 हजार 330 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षाओं के लिए 2 हजार 523 केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों में बारहवीं और दसवीं दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा हो रही है। बारहवीं की तरह मंडल ने दसवीं की परीक्षाओं के लिए भी तैयारी पूर्ण कर ली है। उड़नदस्ते की टीम सहित निरीक्षण कार्य को लेकर निर्देश दिए जा चुके हैं।

- हिंदी से होगी शुरुआत, शनिवार से हो शुरू हो चुके हैं बारहवीं के पर्चे

परीक्षा के साथ-साथ माशिम ने मूल्यांकन की तैयारी भी पूरी कर ली है। परीक्षा प्रारंभ होने के पखवाड़े भर बाद अर्थात 15 मार्च से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### सीजी बोर्ड परीक्षा 2024-25 एक नजर में

- दसवीं की परीक्षाएं 3 मार्च से 24 मार्च तक चलेंगी। बारहवीं की परीक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च को समाप्त होंगी।
- दसवीं की परीक्षा में शामिल होंगे 3 लाख 23 हजार 227 विद्यार्थी।
- बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 34 हजार 294 छात्र हो रहे हैं शामिल।
- बारहवीं की तुलना में दसवीं कक्षा में स्वाध्यायी छात्रों की संख्या अधिक है। बारहवीं की परीक्षा में 6 हजार 774 तो दसवीं में 7 हजार 330 प्राइवेट छात्र बैठ रहे हैं।
- परीक्षा के लिए प्रदेश में 2 हजार 523 केंद्र बनाए गए हैं। यहां दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा होगी।
- मूल्यांकन के लिए 36 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से दो केंद्र रायपुर में है।
- दोनों कक्षा मिलाकर 5 लाख 71 हजार 625 छात्र परीक्षा दिलाएंगे। इनकी कॉपियां प्रदेश के 25 हजार शिक्षकों द्वारा जांची जाएगी।

### दो चरणों में भेजी जाएगी उत्तरपुस्तिकाएं

परीक्षा केंद्रों से मूल्यांकन केंद्र तक उत्तरपुस्तिकाएं दो चरणों में भेजी जाएंगी। एक मार्च से 14 मार्च तक हुई परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं प्रथम चरण में भेजी जाएंगी। इनका मूल्यांकन 15 मार्च से शुरू कर दिया जाएगा। 15 मार्च से अंतिम तिथि तक हुई परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं दूसरे चरण में भेजी जाएंगी। इनका मूल्यांकन बारहवीं की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अर्थात मार्च अंत से जांची जाएंगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, माशिम ने 15 अप्रैल तक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। नतीजे मई के पहले पखवाड़े में संभावित है।

ये कैसा मैनेजमेंट?

# उत्तरपुस्तिकाएं जांचने नहीं मिले प्राध्यापक तो विषय ही गायब!

- मामला रविवि अध्ययनशाला में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम का
- वैकल्पिक विषय के रूप में छात्रों को दिए जाते हैं कई विषयों के ऑप्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले शैक्षणिक सत्र में छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए जब प्राध्यापक नहीं मिले तो रविवि ने वो विषय ही पाठ्यक्रम से हटा दिया। मामला पं.रविशंकर शुक्ल विवि के एमबीए डिपार्टमेंट का है। प्रत्येक सेमेस्टर में कुछ अनिवार्य विषय होते हैं तो कुछ विषय छात्र अपनी इच्छानुसार चुन सकते हैं।

मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर उपाधि के अंतर्गत प्रथम वर्ष में छात्रों को फायनेंशियल इंस्टिट्यूट नामक विषय का विकल्प दिया जाता है। पिछले साल कई छात्रों ने इस विषय का चुनाव किया। बीते सत्र में ही रविवि ने केंद्रीय मूल्यांकन पद्धति लागू कर दी। सीनियर प्राध्यापक केंद्र में आकर मूल्यांकन कार्य करने ▶▶|शेष पेज 13 पर

अलग खबर

### मात्र एक प्रतिशत ही वरिष्ठ प्राध्यापक

वरिष्ठ प्राध्यापक केंद्रीकृत मूल्यांकन के बाद कॉपियां जांचने नहीं पहुंच रहे हैं। रविवि अध्ययनशाला पहुंचकर कॉपियां जांचने वाले प्राध्यापकों की संख्या अत्यंत कम है। ना सिर्फ वरिष्ठ प्राध्यापक बल्कि शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापक भी मूल्यांकन केंद्र पहुंचने में अनिच्छा जाहिर कर रहे हैं। रविवि ने बीते दिनों परीक्षा संबंधित कार्यों को लेकर हुई बैठक में आपत्ति भी जताई थी। रविवि प्रबंधन ने स्वयं ही यह स्वीकार किया है कि उत्तरपुस्तिकाएं जांचने वालों में 80 प्रतिशत प्राध्यापक निजी महाविद्यालयों के हैं।

### कई विषयों में केवल प्राध्यापक, छात्र नहीं

ऐसा नहीं है कि रविवि के पास सिर्फ प्राध्यापकों का ही अभाव है। कई विषय ऐसे भी हैं, जिसमें रविवि को छात्र ही नहीं मिल रहे हैं। इसमें से अधिकतर विषय भाषा विज्ञान तथा विदेशी भाषाओं के हैं। इन विषयों में छात्र संख्या अत्यंत कम होने के कारण रविवि कुछ दिनों में ही इनके मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर परिणाम जारी कर देता है। गौरतलब है कि रविवि की वार्षिक मार्च प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो रही हैं। इसके कुछ दिनों के अंतराल में मूल्यांकन कार्य भी रविवि द्वारा शुरू कर दिया जाएगा।

# सड़क पर फिर मना जन्मदिन का जश्न, दो पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम रोड पर जन्मदिन का जश्न मनाने के मामले में राजधानी में एक माह के भीतर ही तीन केस दर्ज होने के बाद कॉलोनी के मुख्य मार्ग में जन्मदिन के अवसर पर केक काटे जाने का एक और वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो के आधार पर आ मा ना का पुलिस ने अपराध दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना टाटीबंध उदया सोसायटी की है।

- वायरल वीडियो के आधार पर आमानाका पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

उदया सोसायटी बिजली ऑफिस जाने वाले मार्ग पर सड़क घेरकर केक काटे जाने पर पुलिस ने करणवीर सिंह तथा जोवन सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद तीन आरोपी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, करणवीर उदया सोसायटी का निवासी है। तीन दिन पूर्व 28 फरवरी को ▶▶|शेष पेज 13 पर



### कार्रवाई का कोई असर नहीं

सड़क घेरकर जन्मदिन मनाने को लेकर इसके पूर्व पुलिस तीन अलग-अलग मामलों में अपराध दर्ज कर चुकी है। बावजूद इसके सड़क पर जन्मदिन मनाने वाले लोगों पर पुलिस कार्रवाई तथा प्रशासन के आदेशों के प्रति कोई भय नहीं है। इसके चलते सड़क घेरकर जन्मदिन मनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। हिस्ट्रीशीटर बदमाश का जन्मदिन मनाने, तलवार से केक काटने का भी पूर्व में वीडियो वायरल हो चुका है।

लाखों खर्च के बाद प्लांट मेटेंनेस के लिए सीएमसी करने की सलाह

# सीजीएमएससी ने ऑक्सीजन प्लांट डीकेएस पर थोपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करार तोड़ने की वजह से कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर सीजीएमएससी ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऑक्सीजन प्लांट को पूरी सक्रियता के साथ शुरू करने की जिम्मेदारी अब डीके अस्पताल प्रबंधन पर थोप दी गई है। दवा कॉर्पोरेशन की ओर से सीएमसी के माध्यम से उसके रखरखाव के लिए एजेंसी तय करने की सलाह दी गई है। प्लांट के मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट लगाने से लेकर उसके रखरखाव की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास थी। इसके लिए शंकरनगर की एक एजेंसी से अनुबंध किया गया था। प्लांट बिगड़ा तो उसे सुधारने के लिए लाखों रुपए खर्च कर दिए गए, मगर प्लांट पूरा नहीं बन पाया और उसकी उत्पादन क्षमता आधी होकर रह गई। कुछ समय ▶▶|शेष पेज 13 पर



### डायबिटिक क्लीनिक की जांच ठंडी पड़ी

अस्पताल में दवा कॉर्पोरेशन द्वारा सात साल पहले बनवाई गई डायबिटिक और कार्डियक सेटअप की जांच भी ठंडी पड़ चुकी है। लाखों रुपए की लागत से किए गए इस निर्माण का उपयोग अब तक नहीं हुआ है। मामले में उच्च स्तर पर जानकारी तो ली गई, मगर समय बीतने के साथ इससे फाइलों के नीचे दबा दिया गया।

### दो प्लांट भी अटके

डीके अस्पताल में ऑक्सीजन से संबंधित दो प्लांट और शुरू होने का इंतजार है। एक तो लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट है, जो पीएम केयर के माध्यम वहां लगाया गया था। प्लांट लायसेंस की वजह से अटका हुआ है, वहीं कुछ समय पहले आयुष विवि से लगे ऑक्सीजन प्लांट को यहां लगाने की तैयारी थी। इसकी शिफ्टिंग के लिए काम अब तक अधूरा पड़ा हुआ है। माना जा रहा है कि दोनों प्लांट अस्पताल की सारी डिमांड पूरी कर देंगे।

# दिन से ज्यादा गर्म रात, हवा बदलने से अब तीन दिन गिरावट के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटे में दिन की तुलना में रात ज्यादा गर्म रही। अब हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से अगले तीन दिन गर्मी के तेवर दिन में ज्यादा असरदार रहेंगे। पिछले चौबीस घंटे में गर्मी के मामले में जगदलपुर ने राजधानी रायपुर को पीछे छोड़ दिया।

### दिन में बढ़ रही गर्मी

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 36.0 | + 2.8 |
| बिलासपुर | 36.0 | +2.6 |
| अंबिकापुर | 33.3 | +3.4 |
| पेंड्रा | 34.2 | +3.9 |
| जगदलपुर | 36.6 | +2.8 |
| दुर्ग | 36.0 | +2.3 |

- राजधानी रविवार को जगदलपुर से गर्मी में पीछे हुई

मार्च के दूसरे पखवाड़े से प्रदेश में गर्मी की बढ़ोतरी में निरंतरता आने की संभावना है। तब तक मौसम नरम-गरम रहने के आसार बने हुए हैं। अभी राज्य के मौसम को पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर रहा है, जिसकी वजह से दिन में तेज धूप की गर्मी के बजाय रात की उमस भरी बेचैनी लोगों को प्रभावित करती रही।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक 03 मार्च 2025 दोपहर 03:30 बजे
स्थान - नगर भवन, भाटापारा
मे पधार रहे समस्त अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन
अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद भाटापारा
दीपक मित्तल
संदीप गोयल

## खबर संक्षेप



### सीएम ने किया सहकारिता विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय में रविवार को सहकारिता विभाग की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि "सहकार से समृद्धि" के मूलमंत्र पर आधारित यह कैलेंडर राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा वर्ष 2025 को 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' घोषित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा "सहकार से समृद्धि" अभियान के तहत विविध गतिविधियां पूरे छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे।

### विक्ट्री सिल्वर लीग क्रिकेट स्पर्धा 2 अप्रैल से



**रायपुर।** विक्ट्री क्रिकेट क्लब रायपुर द्वारा 2 अप्रैल से 20 अप्रैल तक विक्ट्री सिल्वर लीग का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी सुभाष स्टेडियम खेल मैदान में होने वाली प्रतियोगिता में 30 टीमें भाग लेंगी। आयोजक संस्था के संरक्षक पीतांबर चौधरी, अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि 5 पूल में एक टीम 6 मैच खेलेगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाली क्रिकेट टीम के लिए पांच पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 3 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार में 2 लाख रुपए दिए जाएंगे।

## निधन

### सतवंत सिंह भामरा

**रायपुर।** अमलीडीह निवासी



सरदार सतवंत सिंह भामरा (57) का 2 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 मार्च को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्रनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वंशराज सिंह भामरा, अंशराज सिंह भामरा के पिता थे।

### प्रोतिमा चटर्जी

**रायपुर।** वल्लभनगर निवासी



प्रोतिमा चटर्जी (76) का 2 मार्च को निधन हो गया। वे नूपुर बंद्योपाध्याय, निवेदिता चटर्जी और ओम चटर्जी की माता थीं।

# अभियंता संघ के अधिवेशन में नई भर्ती, ओपीएस के लिए उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एके कटियार ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी और ऐसे में युवा अभियंताओं को नवाचार के लिए तैयार रहना होगा। छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के एक दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन एवं असाधारण सभा में मुख्य अतिथि श्री कटियार में कहा कि टीम वर्क के बगैर हमारी सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती इसलिए हमें मिलकर चलना होगा ।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के सीनियर क्लब में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वरिष्ठ इंजीनियरों के अनुभव और युवा अभियंताओं की ऊर्जा के समन्वित प्रयास से हम अपनी प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडे,प्रदेश महासचिव मनोज वर्मा,कार्यक्रम संयोजक एच एन कोसरिया,कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश पांडे ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कनिष्ठ स्तर पर नई भर्ती, अंतर कंपनी ट्रांसफर पर रोक समेत कई मांगे कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखी।

## प्रबंध निदेशक कटियार ने कहा- ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी

### इनका हुआ सम्मान

महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि अधिवेशन की शुरुआत में अभियंताओं के प्रेरणा भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया एवं वरिष्ठ अभियंताओं पी एन सिंह, सुरेन्द्र तिवारी,शरद श्रीवास्तव, मुकेश नाहर,संजय तैलंग, पी के खरे , सुनील विश्वास,राकेश शर्मा ,अनिल व्यास, एस के बंजारा, प्रवीण श्रीवास्तव, विनय पांडेय, विनोद अग्रवाल, सी एम बाजपई , मोहम्मद शाहिद खान ,आर के बंछोर को अभियंता के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।



*ऊर्जा संदेश का विमोचन : इस मौके पर बदलते ऊर्जा परिदृश्य और अभियंता संघ के प्रयासों पर केंद्रित स्मारिका "ऊर्जा संदेश" का विमोचन भी किया गया। इसका संपादन ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर फेडरेशन की पत्रिका के संपादक इंजीनियर विनय पांडेय ने किया है। अधिवेशन में प्रदेश भर के 1400 से अधिक अभियंताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर विनय पांडेय एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर एच एन कोसरिया ने किया ।*

## पिछले बजट में हुई थी आंबेडकर अस्पताल में 7 सौ एकीकृत भवन बनाने की घोषणा

# जर्जर हॉस्टल की खिड़कियां-दरवाजे हो गए गायब, यहीं बनेगा अस्पताल का नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शासकीय मेडिकल कॉलेज के खंडहर हो चुके हॉस्टल की खिड़कियां और दरवाजे गायब होने लगे हैं, वहीं भवन निर्माण में लगी लोहे की छड़ों पर भी असामाजिक तत्वों की नजर है। काफी साल पहले जर्जर होने की वजह से इसे खाली करा दिया गया था, जहां अब आंबेडकर अस्पताल के लिए सात सौ बेड की क्षमता वाले नए भवन का निर्माण किया जाना है।

राज्य सरकार ने पिछले बजट में इसकी घोषणा की थी, लेकिन दस्तावेजी कार्यवाही और निर्माण एजेंसी तय होने की वजह से साल बीतने के बाद भी इसका काम शुरू नहीं हो पाया है। शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में पढ़ने वाले एमबीबीएस के छात्रों के लिए हॉस्टल के रूप में इस भवन का उपयोग होता था। करीब चार साल पहले भवन की जर्जर अवस्था को देखते हुए इसके खाली करा दिया गया था। भवन तब से बिना देखरेख के खड़ा है और खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है।

कुछ साल पहले आंबेडकर अस्पताल में बढ़ रहे मरीजों के दबाव को देखते हुए यहां सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले बड़े भवन के निर्माण की योजना बनाई गई। इस निर्माण के लिए इस जर्जर ब्वॉयज हॉस्टल पर नजर गई। पिछले बजट में राज्य सरकार ने यहां भवन निर्माण को स्वीकृति दी थी, जिस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

भवन खंडहर बना चुका था, मगर इसके अन्य सामान ठीकठाक थे, जो धीरे-धीरे गायब होने लगे हैं। भूतल के सारे कमरों के दरवाजे, खिड़कियां चोरी हो चुके हैं और भवन निर्माण के लिए उपयोग हुए लोहे की छड़ों पर भी हाथ साफ किया जा रहा है। यहां नए निर्माण के लिए दस्तावेजी प्रक्रिया के साथ एजेंसी तय करने का काम पूरा हो चुका है, मगर निर्माण संबंधी काम अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है।



### सात मंजिला अस्पताल में ओटी, आईसीयू

प्रस्तावित भवन सात मंजिला होगा, यहां एमसीएच सहित अन्य विभागों के मरीजों के लिए वार्ड बनाए जाएंगे। मरीजों की आवश्यकता के अनुसार हर मंजिल में ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू की सुविधा भी होगी। इस नए भवन में वर्तमान और भविष्य की तमाम जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संसाधन जुटाने की योजना है।



### एक गार्ड की तैनाती रात में अंधेरा

हॉस्टल की जगह नया भवन बनाने की घोषणा होने के बाद इस क्षेत्र में सुरक्षा के लिए एक गार्ड की तैनाती की गई है। रात के वक्त यहां अंधेरा रहता है। जबकि समीप ही गर्ल्स हॉस्टल है। एकीकृत भवन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उसके पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने और लाइट लगाने के निर्देश भी काफी समय पहले जारी किए जा चुके हैं।

### भवन तोड़ने में ही होगा बड़ा खर्च

सूत्रों के मुताबिक, जर्जर हो चुके इस हॉस्टल भवन की जगह नवनिर्माण के लिए यहां सबसे पहले तोड़फोड़ करनी होगी। भवन को ढहाने और वहां से मलबा हटाने पर ही बड़ी राशि खर्च होगी। इस तोड़फोड़ के बाद मलबे की साफ-सफाई के बाद निर्माण कार्य शुरू करने में बड़ा वक्त लगने की संभावना है।

## गुजराती स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**रायपुर।** श्री गुजराती स्कूल में शालेय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अलावा वर्षभर पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लिए मेरिट विद्यार्थियों को ग्रुप में पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति श्री गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल रहे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल ने की। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य अनीस मेमन, अंग्रेजी माध्यम शाला के प्राचार्य डॉ. शैलेष शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीण गनोदवाले, व्याख्याता वन्दना संघवी, प्राथमिक विभाग प्रभारी योगिता टांक, रजिस्ट्रार अशोक जाचक, प्रशासक नरेश रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र ताड़गे एवं उर्वशी टांक ने किया। कक्षा नर्सरी से 5वीं के चम्मच दौड़, मेंढक दौड़, बाधा दौड़ आदि खेल प्रतियोगिताओं के 100 पुरस्कार वितरित किए गए। मिडिल स्कूल, हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी वर्ग में बालक एवं बालिका के विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता के बैडमिंटन, शतरंज, दौड़, कैरम, कुर्सी दौड़, रिले रेस, स्लो साइकिल, रस्सीकूद, कबड्डी, खो-खो के 150 प्रथम, 150 द्वितीय स्थान के पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल की विशेष पहल पर पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाले समस्त स्टॉफ को प्रबंध समिति द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- क्रीड़ा प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए 550 मेरिट और 300 कॉमन पुरस्कार वितरित

# ट्रैफिक दबाव कम करने 6 ओवरब्रिज बनाने की प्लानिंग, सालभर से फाइलों में दबी 'राहत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर3

राजधानी में जिस तेजी से वाहनों का दबाव बढ़ रहा है। उस लिहाज से सड़कों का जाल जिम्मेदार बिछा नहीं पाए। सालभर पहले शहर के जिन क्षेत्रों में वाहनों का दबाव कम करने के लिए ओवरब्रिज बनाने का प्लान तैयार किया गया, वह प्लान भी फाइलों में उलझ गया। इस कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अब तक सिर्फ कागजों में कैद होकर रह गई है। 5 लाख से ज्यादा लोगों को राहत देने के लिए यह प्लान तैयार किया गया था।

- राजधानी में बढ़ते वाहनों का दबाव कम करने प्रोजेक्ट में विलंब के चलते जगह-जगह जाम

राजधानी को ट्रैफिक जाम से राहत देने 6 ओवरब्रिज की मंजूरी मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके तहत पंडरी-मोवा खम्हारडीह बिजली आफिस से लोधीपारा चौक के साथ गांधी उद्यान से मरीन ड्राइव, हीरापुर चौक, बंगाली चौक और रिंगरोड रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती रहती है। इसे देखते हुए शासन ने पिछले बजट सत्र में ही इनके लिए फंड का प्रावधान किया, इसके बावजूद सालभर बाद भी कहीं काम शुरू नहीं हुआ। पिछले बजट में ओवरब्रिज की मंजूरी से जुड़ा प्रोजेक्ट फाइलों का हिस्सा बना हुआ है। इससे शंकरनगर टर्निंग प्वाइंट, मरीन ड्राइव पर भी आए दिन जाम लगता है।



### ओवरब्रिज से मिलेगी बड़ी राहत

हीरापुर चौक पर 49 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज बनना है। यह 146.56 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा होगा। इसी तरह बंगाली चौक पर 23 करोड़ 39 लाख की लागत से फ्लाईओवर बनना प्रस्तावित है। इसकी लंबाई 120.5 मीटर और चौड़ाई 24 मीटर होगी। इसी तरह टाटीबंध से भनपुरी चौक के बीच में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास 36 करोड़ की लागत से 200 मीटर लंबा 6 लेन ओवरब्रिज का प्रोजेक्ट भी फाइलों है। सभी ओवरब्रिज बनने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### फाइलों में कैद राहत का प्रोजेक्ट

पीडब्ल्यूडी के ब्रिज सेक्शन को शंकरनगर चौक टर्निंग से लोधीपारा चौक के बीच करीब एक किमी लंबा ओवरब्रिज बनाने के लिए शासन से 40 करोड़ की स्वीकृति मिली थी, लेकिन अफसरों ने इसकी फाइल ही आगे नहीं बढ़ाई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके चलते आसपास के लोग जाम से परेशान हैं। इसी तरह गांधी उद्यान से तेलीबांधा तालाब के आगे नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक तक ओवरब्रिज के लिए 50 करोड़ का प्रोजेक्ट है।

### 5 लाख लोगों को सुविधा देने का मसौदा

पंडरी एलआईसी कार्यालय से अवंति बाई चौक तक ओवरविज बनाने के लिए प्लानिंग की गई। करीब 700 मीटर लंबे ओवरब्रिज के लिए 135 करोड़ का प्रस्ताव अधर में अटका है। पीडब्ल्यूडी ने स्वाइल टेस्टिंग का काम शुरू किया था, लेकिन अचानक काम बंद कर दिया गया। इसके बनने से शंकरनगर, गायत्रीनगर से मोवा और आसपास के दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनीवासियों को जाम से राहत मिलेगी। करीब 5 लाख की आबादी को जाम से बचाने का मसौदा है।

## छग शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बने मनीष, पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यालय में रविवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष मनीष देवांगन को बनाया गया। इसके अलावा संगठन मंत्री सुनील नायक, उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, नीलकंठ वर्मा, लक्ष्मी राव, सचिव राजेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, सहसचिव गुपेश साहू, नीरज गुप्ता, कार्यकारिणी विजय वर्मा, डॉ. वंदना काले निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष पदों पर जिला कार्यकारिणी द्वारा मनोनयन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अवध वर्मा द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिला, तहसील विकासखंड के सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही पदाधिकारियों को संभागीय सचिव ओंकार वर्मा एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। निर्वाचन कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, विकासखंड एवं तहसील के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अमलीडीह मार्ग की सफाई व्यवस्था का निगम अफसरों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के आदेश पर रायपुर शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में रविवार को जोन-10 क्षेत्र में अमलीडीह मार्ग की सफाई व्यवस्था का जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।

- नवनिर्वाचित पार्षद गायत्री नौरंगे निरीक्षण के दौरान रहीं मौजूद

निरीक्षण के दौरान दौरान सड़क पर भवन सामग्री, रेत फैली हुई पाए जाने पर अधिकारियों ने रेत तत्काल जब्त कर संबंधित भवन निर्माणकर्ता पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों का जायजा लेने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद गायत्री नौरंगे स्थल पर मौजूद रहीं। जोन कमिश्नर ने जोन कार्यालय में राजस्व वसूली कार्य और स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर जोन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## पेज 11 के शेष ...

### छोटे स्टेशनों की बड़ी...

समस्याओं को प्रमुखता से उजागर किया गया था। सप्ताहभर के भीतर ही रेलवे प्रशासन ने तत्परता से इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अब सरस्वती नगर स्टेशन पर यात्रियों को पंखे और शौचालय की सुविधा मिलने लगी है, वहीं डब्लूआरएस स्टेशन पर भी यात्रियों को पंखे की हवा मिल रही है, जिससे उनकी यात्रा अधिक आरामदायक हो गई है। छोटे स्टेशनों पर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से यात्रियों की यात्रा अब और भी सुविधाजनक हो गई है। इन स्टेशनों से सफर करने वाले यात्रियों ने हरिभूमि और रेलवे प्रशासन को धन्यवाद कहा है। **स्टेशन पर अब पंखे की सुविधा भी:** सरस्वतीनगर और डब्लूआरएस हॉल्ट स्टेशन पर पहले पंखे की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब रेलवे ने गर्मी से पहले इन स्टेशनों पर नए पंखे लगाकर यात्रियों को राहत दी है। सरस्वतीनगर स्टेशन पर 6 तो वहीं डब्लूआरएस स्टेशन पर 4 नए पंखे लगाए गए हैं। साथ ही दोनों स्टेशनों की सफाई भी की गई है। इन सुविधाओं के बढ़ने से अब यात्रियों को छोटे स्टेशनों पर भी आरामदायक यात्रा का अनुभव हो रहा है। यात्री पंखे की हवा खाकर राहत पा रहे और गंतव्य तक जाने अपनी ट्रेन का इंतजार करते दिखते हैं, जिससे उनके सफर की शुरुआत और भी सुखद हो गई है।

### बायसन को होश में...

पार्क के लिए भेजे गए, जिसमें मादा बायसन की लंबी बेहोशी के बाद मौत हो गई थी। आशंका जताई जा रही थी कि बायसन की मौत ठंड लगने तथा लंबी दूरी की यात्रा की वजह से हुई होगी। मेडिसिन की जांच में बायसन की मौत एक्सपायरी दवा से होने की पुष्टि हुई। डॉक्टर से विभागीय अधिकार छीने : एक्सपायरी दवा देने से बायसन की मौत की घटना के बाद डॉ. राकेश वर्मा से उनके सभी विभागीय अधिकार छीन लिए गए हैं। साथ ही उन्हें विभाग द्वारा दी गई गाड़ी तत्काल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. वर्मा को वन्यजीवों से संबंधित सभी दस्तावेज जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के सुपुर्द करने निर्देश दिए गए हैं।

### सीजीएमएससी ने ऑक्सीजन...

पहले सीजीएमएससी ने करार पूरा नहीं करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित कंपनी को तीन साल के लिए सरकारी टेंडर में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कंपनी पर कार्रवाई तो हो गई, मगर प्लांट की समस्या जस के तस बनी हुई है। अस्पताल प्रबंधन अभी मरीजों की आधी जरूरत ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदकर पूरी कर रहा है। दवा कॉर्पोरेशन द्वारा एजेंसी पर कार्रवाई कर अपना हाथ खींच लिया गया है और बिगड़े प्लांट को सुधारने के लिए डीके अस्पताल को ऑपरेंसिव मेंटेनेंस कांट्रेक्ट (सीएमसी) करने की सलाह दी गई है। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है, इस प्रक्रिया को पूरा करने में काफी वक्त लगेगा और तब तक मरीजों के लिए ऑक्सीजन खरीदना मजबूरी होगी।

### सड़क पर फिर...

करणवीर का जन्मदिन था। उसने अपने दोस्तों के साथ सड़क जाम कर बीच सड़क पर केक काटा और आतिशबाजी भी की। इसके चलते आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से करणवीर सिंह तथा उसके अन्य दोस्तों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ये कैसा मैनेजमेंट?...

से बचते रहे हैं। इस कारण विषय के लिए मूल्यांकनकर्ता ही नहीं मिल सके। बाद में कुछ वरिष्ठ प्राध्यापकों को निवेदन कर केंद्र बुलाया गया तथा इस विषय की उत्तरपुस्तिकाएं जंचवाई गईं। इसके बाद मौजूदा सत्र में भी कुछ छात्रों ने इस विषय को लेने की इच्छा जाहिर की, लेकिन प्राध्यापकों ने उन्हें अन्य विषय सुझाए। सूत्रों के अनुसार, इसके पश्चात छात्रों ने वैकल्पिक विषय के रूप में दूसरे विषयों का चुनाव किया।

**आम सूचना**

Date: 01.03.2025

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अनुज कुमार राय पिता श्री बैद्यनाथ राय निवासी सिंग काम्पलेक्स, बीटीएम वार्ड नं.-6, एकताली इंडस्ट्रियल इस्टेट, झारसुगड़ा, उड़ीसा ने विक्रेता / भूमिस्वामी पूजा विश्वकर्मा पति श्री प्रेमशंकर विश्वकर्मा निवासी 31/300, दलजीत अपार्टमेंट के पीछे शंकरनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की हक, आधिपत्य व स्वत्व की पड़त खुली भूमि खसरा नंबर - 412 / 39 में से रकबा 600 वर्गफीट, जो कि मौजा टेमरी पहनं. 78, रानिमं. रायपुर- 1- तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसे क्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर संपूर्ण विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर दिया है. अब विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, साहूकार, निगम व निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व, आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेज सहित लिखित में प्रस्तुत करें, समयावधि उपरांत उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तदुपरांत की गई कोई भी दावा आपत्ति, अवैध व शून्य माना व समझा जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा । सो सूचना जानें।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक – 01.03.2025

भवदीय
पी.पी. साहू, अधिवक्ता
कार्या. / निवास - बी- 44, सेक्टर-1, एकतानगर, गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मोबाईल 9753179751, 9090117261

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
• दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) • टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
• डेंटल इम्पलांट (Dental Implants) • Smile Designing • दांतो की Bleaching
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
• महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
• अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉंडिलाइटिस
• पुरुष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
• चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
• पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
• किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
• शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
• स्नायू (वर्ध) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
• केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964

वेरिकोस वेंस & वैस्कुलर क्लिनिक
वैरिकोज वेन्स बन सकती है गंभीर समस्या, न करें नजर अंदाज
ओपन सर्जरी के बिना इलाज
• ओपीडी/डे केयर प्रक्रिया
• बिना चीर के ऑपरेशन
• उसी दिन से दैनिक कार्य फिर से शुरू करें
• दोनों पैरों का इलाज एक ही सेटिंग में किया जा सकता है
• सबसे तेज अल्सर उपचार
VASCULAR
Dr. Prashant Pote
Vascular & Interventional Radiologist
MD DNB Radiology (Mumbai)
FVIR (TIFAC CORE)
309, तिसरी मंजील, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो.: 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मलौद की सरपंच शारदा ने विधायक अनुज से की भेंट

**सिलयारी।** ग्राम मलौद से नव निर्वाचित सरपंच श्रीमति शारदा महेन्द्र देवांगन ने धरसीवां विधान सभा के विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र देवांगन, चंदन महाराज, प्रदीप वर्मा, पिंटू देवांगन, विनय देवांगन, वासु देवांगन, भीम वर्मा,सभी उपस्थिति थे ।

### बकतरा में भागवत कथा की शुरुआत कलशयात्रा से की

**आरंग।** ग्राम बकतरा (दरबा) मे उन्नति महिला समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ कलश यात्र के साथ हुआ। भागवत की महिमा मे पं. सूर्यकांत तिवारी ने धुंधुकारी के स्वभाव के बारे में बताते हुए कहा कि माता का अधिक स्नेह प्रेम बालको का स्वभाव परिवर्तित कर देता है, जिसके कारण बालक जिद्दी एवं आज्ञा नही मानने वाले हो जाते है। इसलिये शास्त्रों मे बालक को केवल 5 वर्ष तक प्रेम, इसके बाद 10 वर्ष तक अपने नजर मे रखना, इसके बाद यदि पिता के पैर के चप्पल यदि पुत्र मे लगना शुरु हो जाये तब उसे पुत्र नही मित्र बनाना बताया। जिससे बालक कभी कुमार्ग मे नही जायेगा। आज कमी है हमारे जीवन मे तो अच्छे संस्कार की, संस्कार से विहिन बालक स्वयं तो कष्ट पाता है माता पिता भी कष्ट पाते है।

## निधन

### चमेली देवी मिश्रा

**आरंग।** ब्राह्मण पारा आरंग निवासी चमेली देवी मिश्रा का शनिवार को निधन हो गया। वे



व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा, अधिवक्ता घनश्याम मिश्रा की माता एवं निखिल मिश्रा और अर्पित मिश्रा की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार मोक्ष धाम दमौआ तालाब आरंग में संपन्न हुआ। जिसमे समाज सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

### रायपुर संभागीय कमिश्नर हैं महादेव कावरे, राजभवन से आदेश जारी

# कावरे संभालेंगे पत्रकारिता विवि, यह प्रदेश की चौथी यूनिवर्सिटी जो 'प्रभारी भरोसे'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो जाएगा। रिक्त पद पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने संभागायुक्त को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ यहां के प्रभारी कुलपति का दायित्व सौंपा है। रायपुर संभाग के संभागीय कमिश्नर महादेव कावरे कल से पत्रकारिता विवि का दायित्व संभालेंगे। राज्यपाल के सचिव डॉ.सी.आर. प्रसन्ना द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यह प्रदेश का चौथा विश्वविद्यालय हो जाएगा, जो प्रभारी कुलपति के भरोसे है।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति पद के लिए विज्ञापन पिछले सप्ताह जारी किया गया था। कांग्रेस शासनकाल में कुलपति पद के लिए आवश्यक योग्यता में हुए बदलाव को यथावत रखते हुए मीडिया क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव मांगा गया है। आवेदन, साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रिया में न्यूनतम तीन माह का समय वांछित है। ऐसे में आने वाले तीन माह तक पत्रकारिता विवि भी प्रभारी कुलपति के भरोसे ही रहेगा। इसके पूर्व दुर्ग विवि, तकनीकी विवि और खैरागढ़ संगीत विवि भी इस सूची में शामिल हो चुके हैं।

#### परीक्षा कराएंगे प्रभारी कुलपति

पत्रकारिता विवि को नया कुलपति शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही मिलने की संभावना है।

#### वर्तमान कुलपति बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल कल होगा समाप्त




#### निजी विश्वविद्यालयों पर भी लगाम नहीं

प्रदेश के प्राइवेट विश्वविद्यालयों की निगरानी के लिए निजी विवि विनियामक आयोग बनाया जाता है, लेकिन प्रदेश में निजी विवि विनियामक आयोग का भी कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। छत्तीसगढ़ के निजी विवि विनियामक आयोग को अब तक अध्यक्ष नहीं मिल सका है। इसके लिए भी राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में कुलपति रहे चुके प्राध्यापकों सहित कई के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ब्रजेश चंद्र मिश्र को प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। विश्वविद्यालयों के निरीक्षण कार्य सहित अन्य चीजें भी इसके चलते प्रभावित हो रही हैं।

#### इंजीनियरिंग छात्र हलाकान

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को भी नया कुलपति नहीं मिल सका है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में यहां दो बार कुलपति रह चुके प्रो.एमके वर्मा का कार्यकाल पूर्ण हुआ था। इसके बाद वे पुनः एनआईटी रायपुर में प्राध्यापक के अपने मूल पद में सेवाएं दे रहे हैं। यहां भी विज्ञापन जारी किए जाने से लेकर अन्य चयन प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण नहीं हो सकी थी। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल को यहां के कुलपति का प्रभार दिया गया है। परीक्षा संबंधित आवश्यक कार्य यहां संचालित हो रहे हैं, लेकिन हॉस्टल निर्माण सहित अन्य विकास कार्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े विषयों पर निर्णय में देर का खामियाजा यहां के विद्यार्थी भुगत रहे हैं।

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025: बस्तर में अमन, चैन और खुशहाली का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- धावकों ने लगाई दौड़, मिले पुरस्कार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति, शांति और विकास का प्रतीक बन चुका है। इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश के हजारों धावकों ने भाग लिया और अमन, चैन और खुशहाली का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सौहार्द्र को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन को बस्तर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बस्तर में शांति और विकास की नई राह खुली है। इससे पहले, बस्तर ओलंपिक में भी 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों की ऐतिहासिक भागीदारी देखी गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बस्तर क्षेत्र अब नई संभावनाओं और उपलब्धियों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। यह आयोजन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




**हजारों धावकों की ऐतिहासिक भागीदारी:** नारायणपुर जिले में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 में 11 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धावकों की शानदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस मैराथन में उत्तरप्रदेश के अक्षय कुमार ने पुरुष वर्ग में और इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने महिला वर्ग में बाजी मारी।

#### विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार, सम्मान भी

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को 1.5 लाख रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को 1 लाख रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 75 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कार दिया गया। स्थानीय प्रतिभाओं को भी 5-5 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। मैराथन का शुभारंभ संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## पावर प्लांट में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन कल

**धरसींवा।** गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड मे कारखाना कर्मचारियों एवं कर्मयोगियो के मध्य सुरक्षा जागरूकता बढाने हेतु 54वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह, कार्यकारी निदेशक श्री अभिषेक अग्रवाल तथा मुख्य कार्यवाही अधिकारी श्री के.व्ही.एस.के.एन रविन्द्रा के मार्गदर्शन मे एवं स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक उपाध्यक्ष डॉ. आकाश पेंरिगोथ के पर्यवेक्षण में 27 फरवरी से 4 मार्च तक मनाया जावेगा। इस वर्ष सुरक्षा सप्ताह का आयोजन /"सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक/" थीम के अनुरूप मनाया जा रहा है। इसमे औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे मुख्यतः स्लोगन, पोस्टर, निबंध, तात्कालिक भाषण, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल है एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया रहा है। 04 मार्च को कार्यकम का समापन दोपहर 2 बजे सयंत्र मे किया जावेगा जिसमे मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरूष्कृत किया जावेगा।

## तिल्दा नेवरा जनपद में अध्यक्ष का चुनाव कल

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के लिए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 4 मार्च को कार्यालय जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में किया जाना प्रस्तावित है। अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11:00 से लिया जाएगा एवं उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय में केवल नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों को ही प्रवेश दिया जाएगा। सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्य गोपनीय रूप से मतदान करेंगे। इस कार्य को संपन्न करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संपूर्ण तैयारी कर ली गई है एवं सुरक्षा की भी व्यापक व्यवस्था की गई है।

## शिक्षक कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन जारी

तिल्दा नेवरा। नगरवासियों के आध्यात्मिक उत्थान और धार्मिक चेतना को प्रोत्साहित करने हेतु,नगर पालिका भवन शिक्षक कालोनी, तिल्दा में 1 से 8 मार्च तक श्रीमद्भागवत महापुराण सरनाहू ज्ञान यज्ञ जारी रहेगा। नगर के नरेंद्र वर्मा, श्रीमती लोकमती वर्मा एवं दानेश्वर वर्मा द्वारा आयोजित कथा में आचार्य हितेंद्र शर्मा परसदावाले प्रवचन दे रहे हैं। कथा में पाठ पारायण प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक किया जा रहा है।

### दिलेंद्र रेल उपभोक्ता समिति के सदस्य बने

**सिलयारी।** गौरव ग्राम पंचायत कुरुद सिलयारी के युवा भाजपा नेता और 2 बार के युवा पंच को रेलवे के प्रति यात्रीगण की सक्रिता रेलवे से विभिन्न मांगो को देखते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पद्मश्रीं विधायक अनुज शर्मा,पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल के अनुशंसा पर स्टेशन सालाकार समिति के सदस्य बनाया गया, यदु ने सभी दैनिक यात्रीगण ग्रामवासी का आभार व्यक्ति किया।

## कांग्रेस आज करेगी ईडी दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी द्वारा अपनी सीमाओं से परे जाकर भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ति करने के विरोध में कांग्रेस सोमवार को ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। ईडी को जानकारी देने गए प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को ईडी ने जबरिया 9 घंटे रोके रखा। ईडी की कार्यप्रणाली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

श्री बैज ने कहा, ईडी अपनी जांच करे, कांग्रेस उसमें पूरा सहयोग करेगी, लेकिन यदि ईडी जबरिया कांग्रेस नेताओं से दुर्व्यवहार करेगी तो उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

ईडी के अधिकारी भी शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस नेताजी सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। कांग्रेस ने मांग की है कि सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों, वह भाजपा के भी खर्चों की भी पड़ताल करे।

## रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनायी



**आरंग।** विवेकानन्द सेवा समिति एवं विवेकानन्द विद्या मंदिर लखौली के तत्वाधान मे रामकृष्ण परमहंस की 190वीं जयंती मनाई गई। जिसमें स्वामी गणेशानंद महाराज द्वारा पूजा संपन्न हुआ। यह हवन पुजा विधिवत ढंग से पुन्नालाल साहू के द्वारा संपन्न कराया गया। तत्पश्चात भक्तगणों को प्रसाद वितरण कराया गया तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव ब्रम्हचारी नंदकुमार महाराज, उत्तम चंद्राकर, प्रधानाचार्य हेमलता साहू, बुधियारिन जलक्षत्री, नंदनी यादव, संध्या साहू, खुशबू साहू, कुंती यादव, गंगा बंजारे व खोमन साहू उपस्थित थे।



## नवनिर्वाचित सरपंच का बच्चों ने किया अभिनंदन

**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने नवनिर्वाचित सरपंच देवशरण धीवर का तिलक चंदन व श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर देवशरण धीवर ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित शाला आने तथा गुरूजनों के आज्ञा का पालन करने व सदैव अनुशासन का पालन करने प्रेरित किया। साथ ही शाला परिसर का भ्रमण कर शाला की विभिन्न आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण कराने आश्वस्त किया। इस मौके पर पूर्व एसएमसी अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, संस्था प्रमुख के.के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, नवीन प्राथमिक शाला चरौदा के प्रधान पाठक शुशील कुमार आवडे, शिक्षक जितेंद्र यदु सहित बड़ी संख्या बच्चों की उपस्थिति रही।

## पदोन्नत प्रधानपाठकों को समारोहपूर्वक दी विदाई




**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में पदोन्नत प्रधान पाठक श्री गजेंद्र कुमार देवांगन, श्री दीपक कुमार वर्मा, श्रीमती दिव्या गुलाब लकड़ा को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। पदोन्नत प्रधान पाठकों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, एवम उन्हें उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में प्राथमिक प्रधान पाठक श्रीमती मीना गायकवाड, श्रीमती कुंती वर्मा पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक श्रीमती ईश्वरी पांडे, शिक्षक विष्णु देवांगन, श्रीमती वीणा ध्रुव, संकुल समन्वय श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर जी उपस्थित थे, साथ ही शाला विकास समिति से श्री जगमोहन वर्मा जी, गोपी गिलहरे जी, डॉक्टर बी. आर. गौतम जी एवं प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय की महिला समूह के सभी सदस्य उपस्थित थी। नवागांव के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पदोन्नत शिक्षकों को शुभ शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया गया एवं साल में दिए गए योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## रायखेड़ा विद्यालय में बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई



**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में फाइलेरिया से बचने के लिए दवाई खिलाई गई।जिसके तहत सरकार द्वारा आने वाली पीढ़ी को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का वितरण विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को किया गया। फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के रूप में जाना जाता है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलने वाला एक परजीवी रोग है ।भारत सरकार द्वारा 2027 तक फाइलेरिया मुक्त रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को आईवरमेक्टिन दवा सहित 2 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को डी. ई. सी. और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी एवं किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में दवा वितरण व्याख्याता श्री जितेंद्र वर्मा को फाइलेरिया की दवाई खिलाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं एवं मितानिन उपस्थित थे।

## बाइक चोरी के आरोपी से हिरासत में पूछताछ



**आरंग।** मोटर सायकल चोरी के एक आरोपी को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को प्रार्थी हेमंत गुप्ता ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 26 फरवरी को मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्र. सीजी 04 डीडब्ल्यू 5270 को रात्रि 09.20 बजे अपने घर के बाहर रखकर बागेश्वर पारा स्थित चंडी मंदिर शिवजी का अभिषेक करने के लिये चला गया था, रात्रि करीब 11.00 बजे वापस जाकर देखा तो उक्त मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट पर अप.क्र. 128/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मोटर सायकल का पता तलाश किया जा रहा था कि 01 मार्च को मुखबिर से संदेही मो. साजिद खान के पास उक्त चोरी का मोटर सायकल होने की सूचना मिली, जिस पर मो. साजिक खान पिता अहमद बक्स खान उम्र 40 वर्ष साकिन शीतला पारा आरंग को हिरासत में लेकर पुछताछ कर उक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। आरोपी मो. साजिद खान को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड में रवाना किया गया है।

### प्रदेश के कई नामी मंडलियों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

# पंधी के संगीतमय मानसगान व व्याख्यान सम्मलेन में कई प्रसंगों ने किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

ग्राम पंधी में छ.ग. राज्य स्तरीय संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मलेन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें छत्तीसगढ अंचल के विभिन्न जिलों से आकर ख्याति प्राप्ति मानस मंडलियों ने शानदार प्रस्तुति देते हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। हिन्दी व छत्तीसगढ़ी के मधुर भजनों को सुनकर दर्शक दीर्घा की अपार जन सैलाब संगीत सुधा पीकर झूमने लगे। विविध प्रसंगों जिसमें राम जन्म, धनुष यज्ञ, राम भरत प्रेम, केवंट प्रसंग, शबरी भक्ति, जटायु मुक्ति आदि प्रसंगों का जीवंत चित्रण मानस मनीषियों द्वारा किया गया। टोकेश साहू ने बताया



कि ग्राम में रामकथा को हर वर्ष रामायण त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इस मानस महोत्सव का संयोजन हीरालाल साहू व अशोक साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में आयोजक समिति के सदस्य देखराम साहू, टोकेश साहू, रामाधार यादव, ओसन जलक्षत्री, तीरथ साहू, नीलकुमार साहू, रूखमणी साहू, संतोषी धुरव, लता साहू, दुर्गा निर्मलकर सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। इस मानस महोत्सव में भाग लेने वाले मंडलियां – राम नाम के दीप मानस मंडली चिद्दों, मां के ममता मानस परिवार चिल्हॉटी, मां सर्व मंगला मानस मंडली कवर्धा, चेतना बालिका मानस मंडली नवागांव धमतरी, जय परमेश्वरी बालिका मानस मंडली कोटेरा मगरलोड, रामरुचि महिला मानस मंडली मेघा, चंचल मानस मंडली टोनाटार, कात्यायनी महिला मानस मंडली श्यामनगर राजिम आदि है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला-रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 25/02/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामजी वर्मा पिता/पति रामत्र वर्मा निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 86/3, 86/4, 86/7, 86/8, 86/9, 86/10 रकबा 0.061, 0.061, 0.372, 0.028, 0.004, 0.105 हेक्टेयर का सीमांकन/बटांकन/बंदोबस्त त्रुटी/ न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 12/12/2024 के परिपालन में दिनांक 13/03/2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे गठिन दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन/बंदोबस्त त्रुटी में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

# चकल्लस

## पिलाने की फुल गारंटी...

छत्तीसगढ़ में शराब के सरकारी कारोबार में बार संचालकों को जब शराब बेचने का लायसेंस दिया जाता है तो उनसे इस बात की गारंटी भी ली जाती है कि आप महीनेभर में शराब का कितना कोटा उठाएंगे। जितना भी तय हो, कोटा उठाना बार वालों के लिए जरूरी होता है। यहां तक को ठीक है, लेकिन अब सरकार कानून में बदलाव करने की तैयारी में है। यह इस तरह होगा कि स्टार होटल वालों को शराब कारोबार करने लिए मिनीमम गारंटी की जरूरत नहीं थी, लेकिन अब ये बदलाव किया जा रहा है कि उन्हें भी खरीदी के लिए मिनीमम गारंटी देनी होगी। स्टार होटल वाले इस बदलाव को पिलाने की फुल गारंटी के रूप में देख रहे हैं।

## पैसे वसूली का आरोप मंजूर नहीं...

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में इस समय अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ जांच-पड़ताल और कार्रवाई के लिए कवायद चल रही है। संभावना है कि जल्दी ही कुछ नेताओं को पार्टी से निकालने का आदेश जारी होगा। जिन नेताओं के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायतें हैं, उनके आरोप की गंभीरता पर पार्टी पूरा ध्यान दे रही है। इसके लिए बैठकें भी हो चुकी हैं। खबरी को पता लगा है कि पार्टी से बगावत, विरोध में प्रचार करना या दूसरी किसी भी गड़बड़ी को माफ करने पर सबकी राय एक है, लेकिन जिन नेताओं ने बड़े नेताओं, संगठन पर पैसे लेने, पैसे लेकर पार्टी में वापसी कराने के आरोप लगाए हैं, सबसे पहले अनुशासन का डंडा उन पर ही चलाया जाना तय है।

## कम्युनिटी विभाग वालों का लेटर वॉर...

स्वास्थ्य के मामलों में आम लोगों से जुड़े रहने वाले कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर लेटर वॉर में पारंगत हैं। पिछले कई सालों से यहां आपसी विवाद की वजह से लेटरबाजी का दौर चलता रहा है। कुछ समय पहले इसी तरह के शिकायती पत्रों की वजह से विभाग के एक वरिष्ठ डॉक्टर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। सीनियर डॉक्टर के हटने के बाद विभाग में कुछ समय तक चिट्ठीबाजी थम गई थी। पिछले दिनों विभागाध्यक्ष के खिलाफ सामने आए शिकायत पत्र के बाद लेटरबम की पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। प्रताड़ना के आरोप का विभाग के विद्यार्थियों द्वारा जोर-शोर से खंडन करने के बाद मामला शांत हो गया, मगर विभागीय स्तर पर इस लेटरबम के सूत्रधार की तलाश शुरू हो गई है।

## इंटर्न वालों की टाटा... बॉय-बॉय

सरकारी अस्पतालों में एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद सालभर इंटर्नशिप करने वालों की टाटा... बॉय-बॉय से सीनियरों का सिरदर्द बढ़ने वाला है। दरअसल मेडिकल कॉलेजों से संबंधित अस्पतालों के पीजी डॉक्टर रीढ़ माने जाते हैं। उनके काम के दबाव को इंटर्न वाले थोड़ा कम करते हैं। सरकारी अस्पतालों आने वाले मरीजों का पहला रूबरू इन्हीं इंटर्नशिप वालों से होता है। सालभर की अवधि पूरी होने के बाद इनकी अस्पतालों से विदाई होने लगी है, जिससे मरीजों की प्राथमिक जांच से लेकर इलाज तक बोझ पीजी डॉक्टरों पर आने वाला है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में सीनियर डॉक्टर काम नहीं करते, इसकी चर्चा काफी पुरानी है।

## भाजपा का डैमेज कंट्रोल

बीते समय को याद कीजिए। जब चाचा महापौर हैं हमारे वाला भतीजा अति कर रहा था। चाकूबाजी, मारपीट, धमकी-चमकी सब चल रही थी। सब जगह चर्चे थे। तब क्या होता था? पुलिस वाले उसे पुचकार कर छोड़ देते थे। यहां तक हुआ कि एक बांड भरवाया गया कि आगे से ऐसी या वैसी हरकत की तो एक्शन लिया जाएगा। मतलब हद ही थी। उसका नतीजा क्या हुआ। शहर में ही कांग्रेस निपट गई। भाजपा ने इस मामले में सतर्कता बरती। अभी महापौर ने पदभार नहीं संभाला है। खबरी बता रहा था कि भाजपा के सत्ता और संगठन के कहने पर उन्होंने न केवल शालीनता से गलती मानी बल्कि क्षमा भी मांगी। इतना ही नहीं, उसके बाद एफआईआर भी हुई। कम से कम जनता में गलत संदेश जाने से बचा लिया। इसे कहते हैं डेमेज कंट्रोल।

## सब पवित्र कर देंगे

बीते समय दस के दस नगर निगम कांग्रेस के पास थे। कांग्रेस के महापौर हर जगह राज कर रहे थे। अब वे नहीं हैं। उनके केबिन खाली हो गए हैं। भाजपा के महापौर वहां बैठ रहे हैं। लेकिन कुंर्सी संभालने से पहले महापौर गंगाजल छिड़क रहे हैं। रायपुर महापौर ने भी कहा है कि गंगाजल छिड़कने के बाद काम शुरू करेंगी। अब इसे लेकर बहस होने लगी है। कांग्रेसी कह रहे हैं कि हमने ऐसा कौनसा काम कर दिया है कि कक्ष को पवित्र करने की जरूरत पड़ रही है।

## कुलपति की तलाश

लापता की तलाश का इश्तेहार देखा है आपने अखबारों में? देखा ही होगा। कोई लापता हो तो ढूंढ भी लिया जाए, लेकिन कोई अघोषित रूप से ना मिले, तो क्या किया जाए? दरअसल, वर्तमान में पूरे राज्य के विश्वविद्यालयों की जो हालत है, उनके बारे में आप ना ही जानें तो बेहतर है। सामान्यतः कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के 6 माह पूर्व ही विज्ञापन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाती हैं, ताकि यह 'विशेष पद' रिक्त ना रहे। लेकिन इस बार सभी विश्वविद्यालयों में नियुक्ति में जमकर विलंब हो रहा है। सबसे दुखद कहानी तो दुर्ग विवि के उम्मीदवारों की है। बेचारों ने जनवरी के पहले पखवाड़े में साक्षात्कार दिया था, लेकिन अब तक नतीजे ही नहीं आ सके। कयास लगाते-लगाते बसंत बीत गया। अब कहीं फाल्गुन भी ना बीत जाए।

## भाई का बदला

साउथ की फिल्में देखी हैं आपने? 'बदला : द रिवेंज' टाइप की। नहीं देखी है तो मत देखिए। क्या करेंगे देखकर, जब लाइव सीन हमारी राजधानी में ही चल रहा है। यूथ कांग्रेस के एक नेता ने केक काटा और बवाल हो गया। फिर क्या था मौका मिलते ही उनके भाई ने बदला ले लिया। दरअसल यह इतिहास पुराना है। एनएसयूआई के शहरी बाबू जब यूथ कांग्रेस एंट्री की तैयार कर रहे थे, उस वक्त ही उन्हें भाईचारा याद दिलवाकर केक वाले साहब को पद दिलवा दिया गया। आधे लोगों को गणित उस वक्त भी समझ नहीं आया था और अब भी बदला शहरी बाबू ने ही क्यों लिया, समझ नहीं आया। वैसे बताते हैं कि उस वक्त तो जेल वाले विधायक साहब की मदद से केक वाले को पद मिला था। खैर... अब जल्द ही देखिएगा पार्ट-2!

## चुनाव न लड़ने का मलाल

नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर निगम में भाजपा को ऐसी सफलता मिली, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी। खबरी बता रहा था, पिछले चुनाव में महापौर पद के लिए आधा दर्जन दावेदार चुनाव लड़े थे, इनमें से एक को छोड़कर बाकी हार गए। ऐसे में इस बार के चुनाव में इन दिग्गज नेताओं ने वापस पार्षद का चुनाव लड़ने की हिम्मत ही नहीं दिखाई। अब ये नेता सोच रहे हैं कि काश वे भी चुनाव लड़ लेते तो बहती गंगा में उनको भी हाथ धोने का मौका मिल जाता और वे भी तर जाते। इसी के साथ इन नेताओं को यह मलाल भी हो रहा है कि अगर वे जीतकर आते तो कम से कम सभापति तो बन ही जाते। एक वरिष्ठ नेता के चुनाव न लड़ने के कारण दूसरे नेता को रिकॉर्ड बार जीतने का मौका मिल गया और अब उनकी सभापति के लिए लॉटरी भी लगने वाली है।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सीएम के साथ भोजन और सम्मान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजपा के सदस्य अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने तथा सम्मान करने का भी ऐलान किया था। अब कार्यकर्ताओं को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। संभावना है कि इस माह कार्यकर्ताओं का इंतजार खत्म हो जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके हैं, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

- कई सांसद, विधायक जहां अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बना दिए



### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके बाद समय ही समय रहेगा तो कभी भी आयोजन करके कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका दिया जाएगा।

## रायपुर संभागीय कमिश्नर हैं महादेव कावरे, राजभवन से आदेश जारी

# कावरे संभालेंगे पत्रकारिता विवि, यह प्रदेश की चौथी यूनिवर्सिटी जो 'प्रभारी भरोसे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो जाएगा। रिक्त पद पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने संभागायुक्त को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ यहां के प्रभारी कुलपति का दायित्व सौंपा है। रायपुर संभाग के संभागीय कमिश्नर महादेव कावरे कल से पत्रकारिता विवि का दायित्व संभालेंगे। राज्यपाल के सचिव डॉ.सी.आर. प्रसन्ना द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यह प्रदेश का चौथा विश्वविद्यालय हो जाएगा, जो प्रभारी कुलपति के भरोसे है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि में कुलपति पद के लिए विज्ञापन पिछले सप्ताह जारी किया गया था। कांग्रेस शासनकाल में कुलपति पद के लिए आवश्यक योग्यता में हुए बदलाव को यथावत रखते हुए मीडिया क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव मांगा गया है। आवेदन, साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रिया में न्यूनतम तीन माह का समय वांछित है। ऐसे में आने वाले तीन माह तक पत्रकारिता विवि भी प्रभारी कुलपति के भरोसे ही रहेगा। इसके पूर्व दुर्ग विवि, तकनीकी विवि और खैरागढ़ संगीत विवि भी इस सूची में शामिल हो चुके हैं।

### परीक्षा कराएंगे प्रभारी कुलपति

पत्रकारिता विवि को नया कुलपति शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ही मिलने की संभावना है। इसके पूर्व मई-जून में विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं होनी हैं। इसके पूर्व प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी। चूंकि विवि के कुलपति का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो जाएगा, ऐसे में प्रभारी कुलपति ही परीक्षा कराएंगे। कोर्स पूर्ण नहीं होने सहित अन्य असुविधाओं को लेकर यहां के छात्र नियमित अंतराल पर प्रदर्शनरत रहते हैं, ऐसे में स्थायी कुलपति का ना होना यहां के छात्रों की समस्याएं बढ़ाएगा।

### वर्तमान कुलपति बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल कल होगा समाप्त




### रिकॉर्ड आवेदन के बाद रिकॉर्ड इंतजार

*दुर्ग विवि के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन मिले थे। प्रदेश सहित बाहर के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत वरिष्ठ प्राध्यापकों और दो विश्वविद्यालयों के वर्तमान कुलपतियों ने भी इसके लिए आवेदन किए थे। इनमें से 13 उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। जनवरी माह में प्रस्तुति देते हुए इन्होंने विश्वविद्यालय को लेकर अपने लक्ष्य बताए। साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण हुए लगभग दो माह हो चुके हैं, लेकिन अभी तक यह तय नहीं किया जा सका है कि विवि का अगला कुलपति कौन होगा? सामान्यतः साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के माहभर के भीतर ही कुलपति के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी जाती है, लेकिन इस बार रिकॉर्ड आवेदन के बाद रिकॉर्ड इंतजार हो रहा है।*

### निजी विश्वविद्यालयों पर भी लगाम नहीं

प्रदेश के प्राइवेट विश्वविद्यालयों की निगरानी के लिए निजी विवि विनियामक आयोग बनाया जाता है, लेकिन प्रदेश में निजी विवि विनियामक आयोग का भी कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। छत्तीसगढ़ के निजी विवि विनियामक आयोग को अब तक अध्यक्ष नहीं मिल सका है। इसके लिए भी राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में कुलपति रहे चुके प्राध्यापकों सहित कई के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ब्रजेश चंद्र मिश्र को प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है। विश्वविद्यालयों के निरीक्षण कार्य सहित अन्य चीजें भी इसके चलते प्रभावित हो रही हैं।

### इंजीनियरिंग छात्र हलाकान

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को भी नया कुलपति नहीं मिल सका है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में यहां दो बार कुलपति रह चुके प्रो.एमके वर्मा का कार्यकाल पूर्ण हुआ था। इसके बाद वे पुनः एनआईटी रायपुर में प्राध्यापक के अपने मूल पद में सेवाएं दे रहे हैं। यहां भी विज्ञापन जारी किए जाने से लेकर अन्य चयन प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण नहीं हो सकी थी। पं.रविशंकर शुक्ल विवि के वर्तमान कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल को यहां के कुलपति का प्रभार दिया गया है। परीक्षा संबंधित आवश्यक कार्य यहां संचालित हो रहे हैं, लेकिन हॉस्टल निर्माण सहित अन्य विकास कार्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े विषयों पर निर्णय में देर का खामियाजा यहां के विद्यार्थी भुगत रहे हैं।

# कांग्रेस आज करेगी ईडी दफ्तर का घेराव

- ईडी भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रही : बैज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी द्वारा अपनी सीमाओं से परे जाकर भाजपा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ति करने के विरोध में कांग्रेस सोमवार को ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। ईडी को जानकारी देने गए प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को ईडी ने जबरिया 9 घंटे रोके रखा। ईडी की कार्यप्रणाली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

श्री बैज ने कहा, ईडी अपनी जांच करे, कांग्रेस उसमें पूरा सहयोग करेगी, लेकिन यदि ईडी जबरिया कांग्रेस नेताओं से दुर्व्यवहार करेगी तो उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस नेताजी सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। कांग्रेस ने मांग की है कि सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों, वह भाजपा के भी खर्चों की भी पड़ताल करे। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने के लिए रुपया कहां से आया, इसकी जांच करे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाइव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है।

### एक रुपए में जमीन

श्री बैज ने कहा, रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिए भाजपा ने 1 रुपए में हासिल की थी। एकात्म परिसर को व्यावसायिक कांप्लेक्स में तब्दील कर दिया गया, जहां से 1.5 करोड़ रुपए किराया भाजपा वसूलती है, ईडी उसकी भी जांच करे।


# इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर में धूल के गुबार से बचाने मिस्ड फाउंटेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटरस्टेट बस टर्मिनल पर बसों की आवाजाही के दौरान लोगों को धूल से बचाने मिस्ड फाउंटेन लगाए गए हैं, जो धूल के गुबार को कम करेंगे। साथ ही टर्मिनल बिल्डिंग में धूल को अंदर आने रोकने में मदद मिलेगी। वहीं खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने बॉक्स कोर्ट का निर्माण एक विज्ञापन एजेंसी कर रही है।

- खिलाड़ियों के लिए बन रहा बॉक्स कोर्ट, जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, व्हॉलीबॉल खेलने की सुविधा

मिस्ड फाउंटेन को हाल के महीनों में शुरू किया गया है। मिस्ड फाउंटेन लगाने के बाद मेन गेट से टर्मिनल बिल्डिंग प्रवेश करने वाले लोगों का धूल से बचाव हो रहा है। साथ ही घास पर पानी की बौछारें पड़ने से हरियाली बनी रहती है। निगम अफसरों के अनुसार, टर्मिनल गार्डन की




खाली जगह पर खिलाड़ियों के लिए बॉक्स कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। बॉक्स कोर्ट चारों तरफ नेट से पैक रहेगा। बॉक्स कोर्ट के अंदर खिलाड़ी क्रिकेट व्हॉलीबॉल, बैडमिंटन खेल सकेंगे। विज्ञापन एजेंसी को बॉक्स कोर्ट लगाने के एवज में निशुल्क विज्ञापन के लिए होर्डिंग लगाने की अनुमति दी गई है।

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025: बस्तर में अमन, चैन और खुशहाली का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति, शांति और विकास का प्रतीक बन चुका है। इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश के हजारों धावकों ने भाग लिया और अमन, चैन और खुशहाली का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सौहार्द्र को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस आयोजन को बस्तर क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से बस्तर में शांति और विकास की नई राह खुली है। इससे पहले, बस्तर ओलंपिक में भी 1 लाख 65 हजार से अधिक प्रतिभागियों की ऐतिहासिक भागीदारी देखी गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बस्तर क्षेत्र अब नई संभावनाओं और उपलब्धियों की ओर अग्रसर है।

- धावकों ने लगाई दौड़, मिले पुरस्कार



**हजारों धावकों की ऐतिहासिक भागीदारी:** नारायणपुर जिले में आयोजित अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 में 11 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धावकों की शानदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस मैराथन में उत्तरप्रदेश के अक्षय कुमार ने पुरुष वर्ग में और इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने महिला वर्ग में बाजी मारी।

### विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार, सम्मान भी

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को 1.5 लाख रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त विजेताओं को 1 लाख रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 75 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वालों को भी पुरस्कार दिया गया। स्थानीय प्रतिभाओं को भी 5-5 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। मैराथन का शुभारंभ संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## सबसे ज्यादा बकाया नगरीय निकाय विभाग पर 14 सौ करोड़

# सरकारी विभागों का पॉवर कंपनी को 25 सौ करोड़ का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर 25 सौ करोड़ से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। इनमें सबसे ज्यादा 14 सौ करोड़ बकाया तो अकेले नगरीय निकाय विभाग पर है। हमेशा नगरीय निकाय विभाग पर ही ज्यादा बकाया रहता है। प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकाय बिजली बिलों का भुगतान करते ही नहीं। इनके कनेक्शन स्ट्रीट लाइट और पानी के ज्यादा रहते हैं, ऐसे में कभी इनके कनेक्शन भी कट नहीं होते हैं, क्योंकि ये आम जनता से जुड़ी सुविधाओं का मामला है।

प्रदेश में आम उपभोक्ता पर थोड़ा-सा बकाया होने पर उनकी बिजली कट करने पॉवर कंपनी के कर्मचारी पहुंच जाते हैं। वहीं सरकारी विभागों की बिजली कभी कट नहीं की जाती। यही वजह है कि सरकारी विभाग हमेशा से बेलगाम रहे हैं। ये बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर विभागीय बजट से ही बिलों का भुगतान लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों में सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर 14 सौ करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 500 करोड़ से ज्यादा बकाया हैं। साथ ही अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है।

**ये हैं बड़े बकायेदार**

- नगरीय निकाय एवं विकास विभाग - 1400 करोड़ से ज्यादा
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग - 500 करोड़ से ज्यादा
- स्कूल शिक्षा विभाग - करीब 86 करोड़
- चिकित्सा विभाग - 78 करोड़
- पुलिस विभाग - 34 करोड़
- जल संसाधन विभाग - 28 करोड़
- आवास एवं पर्यावरण - 15 करोड़
- महिला एवं बाल विकास - 24 करोड़
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन - 12 करोड़
- वन विभाग - 13 करोड़
- आदिम जाति कल्याण विभाग - 20 करोड़
- लोक निर्माण विभाग - 13 करोड़



### इन पर कम बकाया

जहां एक तरफ सबसे ज्यादा बकाया वाले विभाग हैं, वहीं कुछ ऐसे विभाग भी हैं, जिन पर बकाया कम है। ऐसे विभागों में सबसे कम बकाया खेल एवं युवा कल्याण विभाग पर 1.11 करोड़, पर्यटन विभाग पर भी 1.11 करोड़, विधि-विधायी विभाग पर 3.25 करोड़, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विभाग पर 3.70 करोड़, उच्च शिक्षा पर 6.21 करोड़, सहकारिता विभाग पर 2.70 करोड़ का बकाया है। इसी के साथ और कई सरकारी विभागों पर 20 करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

### जय व्यापार पैनल को 64 व्यापारी संगठनों ने दिया समर्थन

रायपुर। जय व्यापार पैनल से जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंह देव एवं परमानंद जैन ने बताया कि व्यापारिक हितों की रक्षा और सशक्त व्यापारिक माहौल बनाने के लिए जय व्यापार पैनल को लगातार अपार समर्थन मिल रहा है। आज 11 और व्यापारी संघों ने जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन व्यक्त किया, जिससे अब तक कुल 64 संगठनों ने इस पैनल पर भरोसा जताया है। व्यापारी संगठनों ने जय व्यापार पैनल की पारदर्शी कार्यशैली, व्यापारिक समस्याओं के समाधान और व्यापारियों के हित में किए गए सकारात्मक प्रयासों की सराहना की है। पैनल के नेतृत्व में व्यापारियों को उचित सम्मान, सहयोग और सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे समूचे व्यापारिक समुदाय में विश्वास का माहौल बना है। जय व्यापार पैनल के पदाधिकारियों ने इस ऐतिहासिक समर्थन के लिए सभी व्यापारी संगठनों का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि पैनल हमेशा व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा।

VOLTAS · beko

VOLTAS

All that your home needs, now under one roof.



Inaugurating the Voltas Brand Shop.
A one-stop shop for all the appliances you need.

AMIT SALES

Shop No.1, Near Amit Sales, Bilaspur Road, Fafadih,
Raipur - 492009 | Mob. No. 8818821000, 8819900083

Monday, 03rd March 2025, 12.30 PM Onwards

VOLTAS | THE BRAND SHOP

AIR CONDITIONERS | AIR PURIFIERS | REFRIGERATORS | WASHING MACHINES | MICROWAVE OVENS | DISHWASHERS | COMMERCIAL REFRIGERATION | AIR COOLERS | WATER HEATERS

Visit us at: voltasbeko.com | Follow us at | @VoltasBeko | Voltas Beko | Voltas Beko | VoltasBeko 24 X 7 Customer Care No: 9818994444

For product registration, SMS<VB> to 56677 | Email: wecare@voltasbeko.com | www.voltasbeko.com/storelocator

Buy online at: www.voltas.com

Visit us at www.voltas.com
To locate your nearest store,
log on to: www.voltas.com/apps/store-locator

Voltas 24x7 Customer Service - 1860 599 4555, 9650694555
For product registration, SMS <WTA> to 9289525321
Buy only genuine Voltas stabilizers.

Follow us at My Voltas My Voltas My Voltas
Voltas Limited My Voltas

## खबर संक्षेप



### पं. श्यामा चरण शुक्ल की मनाई जयंती, कांग्रेसियों ने दी आदरांजलि

**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग और जोन क्रमांक-4 के सहयोग से मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं. श्यामचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। जीई मार्ग पर गौरवपथ फेस-1 गांधी-नेहरू उद्यान स्वर्ण जयंती तिराहा के समीप स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष कांग्रेसियों, नगरवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें आदरांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व कार्यवाहक महापौर मनोज कंदोई ने बताया कि पं. श्यामाचरण शुक्ल के जीवन पर बने वृत्तचित्र को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बार कोड स्कैन कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी किया, जिसे यू-ट्यूब पर देखा जा सकता है। जन्म शताब्दी वर्ष के प्रारंभ के अवसर पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने परिवार सहित राजिम में भगवान राजीवलोचन के दर्शन के बाद प्रांगण में भजन अमृत कार्यक्रम में भजनों का आनंद लिया और प्रसादी वितरित की। आदरांजलि देने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, वीरेंद्र पाण्डेय, गुरमुख सिंह होरा, वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता रमेशचंद्र शुक्ला, रवि परसराम भारद्वाज, अमित श्रीवास्तव, सुरेश मिश्र, कन्हैया अग्रवाल, रामकुमार शुक्ला आदि शामिल रहे।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक



**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ने रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर बैठक की। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए एवं आवश्यक रणनीति बनाई गई। बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने आहूत की। बैठक में जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, शकुन डहरिया, सौरभ मिश्रा, देवा टंडन, कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा आदि शामिल थे।

### पब्लिकेशन सेंटर में चोरी दो नाबालिग धरे गए

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक पब्लिकेशन सेंटर के अकाउंटेंट ने अज्ञात चोर के खिलाफ एक लाख 30 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम पब्लिकेशन के अकाउंटेट अभिषेक राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात अज्ञात चोर एक्जास्ट पंखे लगाने के होल के माध्यम से पब्लिकेशन सेंटर में प्रवेश कर कैश काउंटर में रखी नकदी चोरी कर ले गए।

# टिकरापारा-संजयनगर से वॉटर मीटर हो गए गायब, सिर्फ डिब्बे बच गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत शहरभर में पानी की खपत जांचने के लिए ठेका एजेंसी के माध्यम से लगवाए गए वाटर मीटर धड़ल्ले से चोरी होने लगे हैं। शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन की नींद नहीं खुली। यह वाक्या नगर निगम जोन-6 के टिकरापारा, संजयनगर, उमंग नगर सहित अन्य रहवासी इलाकों में देखने को मिल रहा है। लोग हैरान हैं कि घरों के सामने से वाटर मीटर कैसे चोरी हो गए। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत डॉयल-112 में भी की है। लोगों को यह भी आशंका है कि नशेड़ी किस्म के लोग वाटर मीटर पार कर औने-पौने दाम पर इसे बेचकर नशे का इंतजाम करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। रायपुर नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत शहरभर के 61 हजार घरों में पानी की खपत जांचने और खपत के हिसाब से जल शुल्क वसूलने के मकसद से नया वाटर मीटर लगवाया गया। 2 से 3 साल पूर्व लगाए गए वाटर मीटर ज्यादातर लोगों के घरों के बाहर वाले हिस्से में अनुबंधित ठेकेदार के कर्मचारी लगाकर चले गए।

सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं होने और खुले में वाटर मीटर लगाने की वजह से सैकड़ों वाटर मीटर चोरों ने पार कर दिए। अब जिन घरों में वाटर मीटर चोरी हुए, उनको चिंता ये है कि नगर निगम जब शहरभर में वाटर मीटर की खपत जांचना शुरू करेगा तो नए वाटर मीटर के लिए कहीं उन्हें शुल्क तो नहीं देना पड़ेगा।

## मशीन पार, डिब्बा खाली छोड़ गए, डायल 112 में की शिकायत





### नई परिषद तय करेगी

राज्य सरकार के नियम में वाटर मीटर लगाने का प्रावधान था। पूर्व की परिषद ने इसे रद्द कर दिया था। नई परिषद की स्वीकृति लेकर विभागीय निर्देशानुसार कार्य करेंगे।

- अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता,

### मेन पाइपलाइन से कनेक्शन वाली जगह पर चूहों के बिल

कुछ जगहों पर नाली से लगी दीवार पर ठेकेदार द्वारा मेन लाइन से अमृत मिशन के तहत वाटर मीटर लगाने कनेक्शन जोड़े गए हैं। उसी गेप वाली जगह पर चूहों ने बिल बना दिए हैं। इससे आसपास की सड़क भी खोखली होने लगी है। वाटर मीटर चोरी होने के बाद काले रंग का खाली डिब्बा लटक रहा है।

## छत्तीसगढ़ में दल की दस्तक आज, रायपुर की तारीख राज्य सरकार तय करेगी

# मुक्कड़ रोकेंगे रैंकिंग का रास्ता, एसटीपी बढ़ाएगा नंबर, पिछली चूक पर माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शहर में मुक्कड़ और सफाई की धरातल पर स्थिति परखने सेंट्रल की टीम राजधानी आ रही है। छत्तीसगढ़ में यह टीम 3 मार्च को दस्तक देगी। जबकि रायपुर शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम आने की तारीख राज्य सरकार तय करेगी। रायपुर को देश के टॉप टेन स्वच्छ शहरों की रैंकिंग में लाना निगम प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। सबसे बड़ी चिंता गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वेक्षण को लेकर है, जिसमें मुक्कड़ मुक्त शहर बनने की राह में अभी भी शहर के 2 दर्जन मुक्कड़ बाधा बने हुए हैं। वहीं पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा। दरअसल 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे के बाद केंद्रीय टीम शहर को अंक देगी। जो कि अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब दिए जाएंगे। रैंकिंग हिसाब से तीसरा राउंड काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी।

अब तक हुए देशव्यापी केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी। लगातार 5 साल तक इंदौर को देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला। पिछले बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर और सूरत शहर को संयुक्त रूप से देश का नंबर वन स्वच्छ शहर घोषित किया गया। जबकि रायपुर शहर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की देशव्यापी स्वच्छता रैंकिंग में 11वीं पायदान पर संतोष करना पड़ा। इस बार रैंकिंग सुधारने नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूरी टीम इस कार्य में झोंक दी है। सफाई व्यवस्था पर नजर रखने निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त, प्रभारी उपायुक्त सहित जोन अधिकारी के साथ फील्ड में उतारे हैं।





### टॉप टेन में आने से यहां चूके

**■ गारबेज फ्री सिटी बनने में रोड़ा 2 दर्जन मुक्कड़**

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में पिछली बार शहर को इस श्रेणी में इसलिए अंक नहीं मिले, क्योंकि रायपुर नगर निगम शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित 2 दर्जन मुक्कड़ को हटा नहीं पाया। जहां आज भी लोग रोजाना गीला और सूखा कचरा बिना किसी हिचक के डाल रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने ठोस प्रयास हुए और न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो कि शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन-2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ शामिल हैं। इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में यह चूक निगम को भारी पड़ सकती है।

**■ गीला-सूखा कचरा एक साथ**

नगर निगम के 70 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान ठेका कंपनी को लोगों के घरों से हरे व नीले रंग के डस्टबिन में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग लेना है, लेकिन धरातल पर इसकी उलट स्थिति होने से केंद्रीय टीम द्वारा इसकी माइनस मार्किंग हुई। जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार की कमी के चलते इस बार भी कमोबेश वही स्थिति बनी हुई है। जिस पर सर्वेक्षण के लिए आने वाली टीम की नजर रहेगी।

**■ पब्लिक फीडबैक में मिले थे कम नंबर**

पिछले साल हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए, पर केंद्रीय टीम को इस श्रेणी में लोगों का प्रॉपर रिस्पांस नहीं मिला। इसका असर शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर देखा गया। सूत्रों के मुताबिक विभागीय अधिकारियों को इस बार भी चिंता सता रही है कि शहर की सफाई का फीडबैक देने पब्लिक इंट्रेस्ट नही ले रही। टीम आने से पहले स्वच्छता समूह की महिलाएं, सफाई सुपरवाइजर और वार्ड प्रभारी लोगों से फीडबैक ले रहे हैं, पर आम जनता इसमें दिलचस्पी नहीं ले रही। यही हाल रहा तो पब्लिक फीडबैक श्रेणी में फजीहत होते देर नहीं लगेगी।

**■ एसटीपी की सुविधा से बढ़ सकते हैं अंक**

वाटर प्लस श्रेणी में इस बार नंबर बढ़ सकते हैं। खारुन नदी में नाले-नालियों के गंदे पानी को जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और फिल्टर प्लांट से निकलने वाले बैकवॉश वाटर को दोबारा उपयोग लायक बनाने नया प्लांट शुरू होने का फायदा इस बार शहर को मिलेगा। उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर के सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।

# निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा समता कॉलोनी स्थित मैक ऑडिटोरियम में 3 मार्च को सभी निर्वाचित सिंधी समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा और दोपहर 2 बजे समापन किया जाएगा। कार्यक्रम संत युधिष्ठिर लाल, अम्मा मीरादेवी व संत अनंतपुरी गोस्वामी के नेतृत्व में होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बैठक हुई, जिसमें पूरे आयोजन के संचालन की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि इस बार के नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश में दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा सिंधी समाज के लगभग 50 प्रत्याशियों को टिकट दिया गया था, इनमें दो महापौर, एक नगरपालिका अध्यक्ष, लगभग 42 पार्षद एवं जनपद सदस्य चुनाव जीत गए हैं, जिसके लिए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत दोनों ही पार्टियों का आभार व्यक्त करती है।

■ छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का आयोजन

### ये रहे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से अमर पारवानी, महेश दरयानी, भरत बजाज, अमित चिमनानी, बलराम आहूजा, तनेश आहूजा, जीवत बजाज, अनूप मसंद, विकास रूपरेला, नथू धनवानी, प्रहलाद शादीजा, अमर चंदनानी, गौरव मंधानी, अनिल लाहौरी, राजा बजाज, अनिल जोतसिंघानी, रतन वल्र्यानी, मनीष पंजवानी आदि उपस्थित थे।

# आप रिटायर्ड हुए हैं, टायर्ड नहीं, अब समाज को दें समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में रविवार को भारतीय पेंशनर्स मंच के पहले राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि आप सभी अपनी नौकरी से रिटायर हुए हैं, टायर्ड नहीं, इसलिए अब आप खुद को और समाज को अपना समय दें। नौकरी के चक्कर में अब तक जिस काम के लिए आप समय नहीं निकाल पाए, वे सारे काम कीजिए। मन में अगर थोड़ा भी यह विचार आया कि काम बहुत हो गया, अब आराम करना है तो जीवन कठिन हो जाएगा।

■ भारतीय पेंशनर्स मंच का राज्यस्तरीय अधिवेशन, मुख्य अतिथि, मंडल अध्यक्ष ने किया मार्गदर्शन

आप सभी अपना रुटीन उसी तरह रखिए, जैसा आप नौकरी के दिनों में रखते थे। सुबह 9.30 बजे खाना खाया और काम पर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि हर संगठन पहले छोटा ही होता है। महाराष्ट्र मंडल रायपुर का आगाज भी वर्ष 1935 में कुछ सदस्यों के साथ हुआ। आज 90 वर्षों के सफर में मंडल कई प्रकल्पों को 4500 से अधिक आजीवन सभासदों और 200 से अधिक सक्रिय सदस्यों के साथ संचालित करते हुए समाजसेवा में जुटा है। निस्संदेह भारतीय पेंशनर्स मंच भी समय के साथ विशाल वटवृक्ष का रूप लेगा। कार्यक्रम में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र नामदेव, राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएस यादव ने भी संबोधित किया।





## केके रोड से फाफाडीह चौक तक लगता है अघोषित बाजार

# संडे मार्केट बना जी का जंजाल, ट्रैफिक जाम से 40 फीट की सड़क 20 फीट तक सिमटी, प्रशासन ने मुंह फेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सड़क घेरकर जन्मदिन मनाने के साथ ही भंडारा करने या किसी अन्य प्रकार के इवेंट करने पर प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन सड़क घेरकर अवैध तरीके से दुकान संचालित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने अब तक किसी भी प्रकार की गाइडलाइन जारी नहीं की है। इसके चलते आम लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। इसका ताजा उदाहरण केके रोड से फाफाडीह चौक के बीच लगने वाला संडे बाजार है। उक्त बाजार नगर निगम के नियमों के विपरीत लगाया जा रहा है। केके रोड पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार से नगर निगम को किसी तरह से राजस्व की प्राप्ति नहीं होती।

मौदहापारा केके रोड पर एक दशक पूर्व कुछ लोगों ने मिलकर आपसी सहमति से संडे बाजार लगाना शुरू किया था। तब से उक्त संडे बाजार को चोर बाजार के नाम से जाना जाता है। जब से संडे बाजार लगने लगा है, तब से लोगों को रेलवे स्टेशन तथा फाफाडीह जाने ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। बाजार में दुकान लगाने को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है।



बाजार लगने के दौरान भीड़

### पीक टाइम पर लगता है जाम

संडे बाजार में रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक केके रोड से फाफाडीह जाने वाले मार्ग में सड़क के ऊपर दुकानें लगती हैं। इस दौरान लोगों को इस मार्ग से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार को कोतवाली थाने से लेकर एक सीध में फाफाडीह तक लोगों को जाम से जूझना पड़ता है।



बाजार उठने के बाद खाली

### फोटो में दिख रहा... बाजार लगने से कैसे संकरी हो रही सड़क

संडे बाजार में जाम की स्थिति का आकलन करने हरिभूमि की टीम ने अलग-अलग समय में ड्रोन से फोटो लिए। बाजार लगने के समय सड़क की चौड़ाई 40 की जगह 20 फीट ही दिख रही है। शाम 4 बजे के बाद बाजार समाप्त होने पर ट्रैफिक स्मूथ हो गया और आराम से वाहन आते-जाते दिख रहे हैं।

### अफसरों से लेंगे जानकारी

मौदहापारा में केके रोड पर किन शर्तों के तहत बाजार लगाया जा रहा है, दुकान लगाने किसकी अनुमति ली गई, नगर निगम को इससे कितना राजस्व मिलता है, इस मामले में अधिकारियों को तलब कर उनसे जानकारी ली जाएगी।

# राज्य सरकार की शराब नीति बिक्री बढ़ाने वाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल द्वारा राज्य की 2025-2026 के लिए घोषित की गई शराब नीति, शराब की बिक्री बढ़ाने का सरकारी प्रयास है। भाजपा सरकार ने शराब दुकानें कम करने का कोई फैसला नहीं लिया, राज्य मे इस वर्ष भी 674 दुकानों से शराब बेची जाएगी। सरकार ने विदेशी शराब पर लगने वाले अतिरिक्त टैक्स 9.5 प्रतिशत को कम इसलिए किया, ताकि ज्यादा बिक्री हो और ज्यादा मुनाफा मिले, शराब की काली कमाई का मोह सरकार छोड़ नहीं पा रही। श्री शुक्ला ने कहा, पहले भी शराब की खपत बढ़ाने अहाते खोले गए थे, एयरकूल्ड अहाते बनाकर शराब बिक्री को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगों को चिन्हांकित कर अहाते आवंटित किए गए हैं। प्रभावशाली भाजपा नेताओं की अनुशंसा पर आहाते दिए गए हैं। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गई है।



*काली कमाई का मोह नहीं छोड़ पा रही सरकार : शुक्ला*











# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




## एजूकेशन अपडेट

# ग्रामीण डाक सेवकों की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन का आज अंतिम दिन

**रायपुर।** डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवकों की अखिल भारतीय स्तर पर कुल 21 हजार 413 पदों पर शेडयूल जनवरी 2025 के तहत ऑनलाइन भर्ती के संबंध में विभाग की वेबसाइट के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में डाक/आरएमएस संभाग रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, सरगुजा, राजनांदगांव, आरपी के अंतर्गत ग्रामीण डाक सेवकों के कुल 637 रिक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन डाक विभाग के वेबसाइट के माध्यम से 3 मार्च तक ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। वहीं, रिक्त पद, स्थान, समयबद्ध निरंतरता भत्ता, आयु, शैक्षणिक योग्यता, शुल्क, अंतिम तिथि एवं अन्य नियम एवं शर्तें आदि डाक विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंडियनपोस्टजीडीएस ऑनलाइन डॉट जीओवी डॉट इन से प्राप्त कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 6 मार्च को

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद द्वारा कार्यालय परिसर में निजी प्रतिष्ठान श्री पैरी गंगा महाविद्यालय, मैनपुर एवं आर्यभट्ट कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कोपरा एवं अलर्ट सिक्योरिटी सर्विस फल मार्केट के पास लालपुर, रायपुर में सहायक प्राध्यापक (विषय-हिन्दी, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, प्राणिशास्त्र एवं कम्प्यूटर शिक्षक), सुरक्षा प्रहरी, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रानिक, सिक्योरिटी गार्ड, महिला सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, कारपेंटर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त 200 पदों पर भर्ती के लिए गुरुवार 6 मार्च को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान में रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।



# बच्चों-युवाओं को कराएं राष्ट्रीयता का बोध, गलत होते देख विरोध करें, सरकार का मुंह न देखें

## पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में राष्ट्र प्रथम संस्था के आयोजन में विचारकों, संतों ने किया वैचारिक मंथन

हम हर काम के लिए दूसरों का मुंह देखते हैं। खुद आगे आने से बचते हैं। यह राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा रोड़ा है। दूसरे धर्म के लोग अपने बच्चों और युवाओं को बचपन से ही धर्म और संस्कार से जोड़ने की परंपरा निभा रहे हैं। इसके लिए हमें भी सजग होने की जरूरत है। राष्ट्रीयता का बोध कराने के साथ ही युवाओं में गलत होते देख विरोध की आदत डालनी होगी, सरकार का मुंह देखने से कुछ नहीं होगा। कुछ इसी तरह के संवादों से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रसिद्ध वक्ता एवं विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ लोगों से मुखातिब हुए।'

**रायपुर।** शहर में अनूठा आयोजन करने की जिम्मेदारी राष्ट्र प्रथम संस्था ने रविवार को निभाई। इसके संयोजक तुषार शाह की अगवाई में आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मदकूदीप के संत रामरूप दास महात्यागी, दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद के साथ मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने किया। इसके बाद मूक-बधिर बच्चों ने देवा श्रीगणेशा गीत पर भक्तिभाव के जज्बे से मंच सजाया। इस क्रम में देश के सुप्रसिद्ध विचारक और इनफ्लुएंसर, राष्ट्रध्वज रक्षक श्री कुलश्रेष्ठ ने आगे कहा कि हमें छोटे-बड़े की भावना को लेकर पनप रही खाई को पाटना होगा। इसके लिए सभी समाजजनों को महती भूमिका निभानी होगी। राष्ट्र को सर्वोपरी रखते हुए समाजों के बीच बढ़ते भेदभाव को मिटाना होगा। हम देखते हैं कि मुस्लिम समाज के बच्चों को धार्मिक भावना से जोड़ने के लिए धर्म की महत्ता बचपन में ही समझाई जाती है। इस तरह के प्रयास को हमें राष्ट्रीयता को मजबूत करने के लिए भी करना होगा।







### बदलाव की बयार जरूर बहेगी

अतिथि संत श्री दास ने कहा कि धर्म और पंथ से ऊपर उठकर राष्ट्र जागरण के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। वहीं दंडी स्वामी ने कहा कि हर समाज के लोगों को प्रयास करना होगा, कि वे बच्चों और युवाओं में संस्कार के साथ ही राष्ट्रीयता की भावना का भी समावेश करें। तभी राष्ट्र का नवनिर्माण होगा और हम दुनिया में फिर से विश्वगुरु कहलाएंगे। इस आयोजन में हिस्सा बने तीन हजार से ज्यादा विभिन्न समाज के लोगों की मौजूदगी इसका प्रमाण है कि वैचारिक चिंगारी सभी के मन में है। इसे ताकत बनाने के लिए प्रयास करें तो बदलाव की बयार भी बहेगी।

### लिया सामाजिक एकता का संकल्प

संयोजक तुषार शाह ने बताया कि इस जनजागरण कार्यक्रम में सामाजिक एकता के लिए ही यह प्रयास किया गया। इसमें लगभग 40 समाज के प्रमुखों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। इस तरह का कार्यक्रम शहर में पहली बार हुआ है। जिसे लोगों ने शामिल होकर सफल बनाया। साथ ही सामाजिक एकता के लिए संकल्प लिया। लोगों की भीड़ को देखते हुए बाहर में एलईडी लगाई गई थी, जहां 5 सौ से ज्यादा लोग ऑडिटोरियम में चल रहे वक्तव्य को लाइव सुनने अंत तक जमे रहे। शाम 4 से रात 8 बजे तक चले इस आयोजन में हर वर्ग के लोगों ने सहभागिता भी निभाई।

## सिटी इवेंट

# गर्मी में 24 चौक-चौराहों पर प्याऊ, पक्षियों और जानवरों के लिए 1 लाख सकोरे की व्यवस्था




**रायपुर।** गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन चौक-चौराहों में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए शहर में अभी तक प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं की गई है। बदलते समय के साथ राजधानी में एक तरफ सार्वजनिक प्याऊ का चलन खत्म होते जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर इस गर्मी सामाजिक संस्थाएं शहर में प्याऊ घर बनाने की तैयारी में जुट गई हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों में प्याऊ घर की व्यवस्था नहीं है। सामाजिक संस्था एकलव्य ने इस गर्मी आम आदमी के साथ-साथ पक्षियों और मवेशियों की प्यास बुझाने पेयजल की व्यवस्था करने का फैसला लिया है। अन्य संस्थाओं ने भी इस दिशा में तैयारी प्रारंभ कर ली है। अप्रैल महीने से इसकी शुरुआत होगी। संस्था के प्रमुख प्रांजल तिवारी ने बताया कि 10 सालों से गर्मी में प्याऊ घरों का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। पहले केवल बाजार के साथ दो से तीन जगहों पर व्यवस्था करते थे, लेकिन प्याऊ घर कम होने से अब इस बार 24 चौक-चौराहों में व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही एक लाख सकोरा पक्षियों के लिए पेड़ों पर लगाएंगे और लोगों को बांटेंगे भी। गर्मी में पक्षियों और मवेशियों को पानी आसानी से मिले यह हमारा लक्ष्य है। इस कार्य के लिए 8 अन्य संस्थाएं आपस में मिलकर काम करेंगी।

> गर्मी में राहत देने सामने आया समाज, बेजुबानों के लिए भी करेंगे खास बंदोबस्त

### सदर बाजार में पानी संग छाछ की भी सुविधा

गर्मी में खरीदारी करने पहुंच रहे लोगों को जल्द पानी के साथ छाछ की भी निःशुल्क सुविधा मिलेगी। व्यापारी आकाश गोलछा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी प्याऊ घर की व्यवस्था की जाएगी। 20 सालों से गर्मी में यह सिलसिला जारी है। इस बार समय-समय पर राहगीरों को शरबत और छाछ भी दिया जाएगा। प्रयास रहेगा कि प्याऊ घर तीन से अधिक जगहों पर हों, ताकि जिस भी मार्ग से व्यक्ति बाजार में प्रवेश करे उसे पानी की सुविधा मिले। अप्रैल से पहले यह सुविधा मिलने लगेगी।

### 2 हजार मटके का दिया आर्डर

सामाजिक संस्था प्रयास की ओर से शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार प्याऊ घर की व्यवस्था की जाएगी। संस्था के राजेश नायक ने बताया कि गर्मी को लेकर कुम्हारों को 2 हजार मटके तैयार करने का आर्डर दिया है। प्याऊ घर बनाकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार के साथ आउटर के इलाकों में मटके की व्यवस्था की जाएगी। उनका कहना है कि शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र में इस बार प्याऊ घर बनेंगे। संस्था द्वारा 5 सालों से गर्मी में लोगों को पानी पिलाने की व्यवस्था की जा रही है।

# बॉडी सही खान-पान से सुधर जाएगा, बिहेवियर ठीक करने के लिए अच्छी सोच जरूरी

**रायपुर।** शहर के सिविल लाइन स्थित युवा संस्था में 'एक्सेस टू सक्सेस : फ्लाय बियॉन्ड द स्काय' विषय पर मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में ईएसआईसी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जेके डागर शामिल हुए। मुख्य अतिथि का सम्मान शॉल, श्रीफल, सूत की माला और पुष्पगुच्छ से किया गया। इसमें एनएच गोयल स्कूल की वॉयस प्रिंसिपल रत्ना रॉय मौजूद रही। वहीं, मुख्य वक्ता डॉ. जेके डागर ने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी तरह मेरा बचपन भी गांव और काफी ग़रीबी में बीता, लेकिन कभी संघर्ष से घबराया नहीं, हर परिस्थितियों का मैंने डटकर सामना किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि दिन के 24 घंटों का सही इस्तेमाल करने से अपनी जिंदगी को बेहतर बना सकते हैं।





### उसी तरह हमारे एक्शन होंगे

उन्होंने कहा कि हर जगह पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट की क्लास चलती है, लेकिन पर्सनॉलिटी को डेवलप करने के लिए हमें अपनी बॉडी, बिहेवियर को ठीक करना चाहिए, यह कम लोग ही बताते हैं। आगे कहा कि बॉडी तो सही खान-पान और व्यायाम से ठीक हो सकता है, लेकिन बिहेवियर को ठीक करने के लिए हमें सबसे पहले अपने थॉट्स यानी विचार को ठीक करना होगा। क्योंकि, जैसे हमारे विचार होंगे, उसी तरह हमारे एक्शन होंगे। जैसे बॉडी एक्शन होंगे, वैसे ही हमें रिजल्ट्स मिलेंगे। इसीलिए, हमारे अच्छे विचार ही हमारे जीवन में सफलता की कुंजी है।

### सकारात्मक परिणाम लाएगा

उन्होंने कहा कि जैसा ठान लोगे, वैसा बन जाओगे। किसी भी लक्ष्य को तय करने से पहले समय, समझ और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखें। अभिभावकों से कहा कि आप युवाओं के पैरेंट हो यानी आप पीए ऑन रेंट हो, इसका तात्पर्य है कि आप युवाओं के सहायक हो। इसीलिए, उनके मालिक बनने की कोशिश मत करो, बल्कि उनको फूल की तरह खिलने में सहायक बनो। उनकी इच्छा और शौक के आधार पर ही उनके कॅरियर में आगे बढ़ने में मदद करो। अंत में युवा की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रिया जायसवाल ने आभार जताया और कहा कि आज का यह सेमिनार हम सबके जीवन में सकारात्मक परिणाम लाएगा।

# 6 को नवसृजन मंच करेगा 51 महिलाओं का सम्मान

**रायपुर।** सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 51 महिलाओं को छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, 11 स्वसहायता समूहों को भी महतारी गौरव देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है।

इस सम्मान के लिए शिक्षा, खेलकूद, चिकित्सा, पत्रकारिता, पुलिस, साहस, महिला उद्यमिता, विज्ञान, प्रशासनिक सेवा, समाज सेवा, राजनीति, वकील, सौंदर्य, धार्मिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से प्रदेशभर से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं। सैकड़ों प्रविष्टियों में से चयन समिति द्वारा 51 प्रबुद्ध महिलाओं का चयन छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान के लिए किया गया है। संस्था नवसृजन मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि नवसृजन मंच की महिला विंग की टीम (जिसमें डॉ. प्रीति सतपथी, मनीषा सिंह, और डॉ. रश्मि चावरे शामिल हैं) प्रविष्टियों का चयन कर रही है। यह आयोजन पूरी तरह से पारंपरिक रूप से संपन्न होगा, जिसमें रुपिया माला, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र सम्मान स्वरूप प्रबुद्ध महिलाओं को दिया जाएगा। यह कार्यक्रम 6 मार्च को दोपहर 3 बजे वृन्दावन हाल, सिविल लाइन में आयोजित होगा।

## कार्नर न्यूज

## मैक कॉलेज के सभागार में जेसीआई रायपुर संगवारी के आयोजन ने दर्शकों को दिया बेहतर माहौल

# संगवारी की पहल पर दिव्यांगों ने मंच पर दिखाया टैलेंट, फैशन का जलवा देख झूमे लोग





**रायपुर।** मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम में तब उत्सव का माहौल बना, जब अलग-अलग स्कूलों से आए टैलेंट से लबरेज 118 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी हुनर का जलवा बिखेरना शुरू किया। जिन गीतों पर आमतौर पर कलाकार खड़े होकर डांस पेश करके कला की छाप नहीं छोड़ पाते, ऐसे गीतों पर भी पैर से दिव्यांगों ने एक जगह बैठे-बैठे ही भाव-भंगिमाओं से एहसास कराया। इसे देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग उत्साह से झूमने को आतुर नजर आए। दिव्यांगों के टैलेंट ही नहीं, उनके रैम्प वॉक को देखकर हर एक दर्शक प्रभावित हुए। उन्होंने इसके साथ ट्रैफिक सिग्नल, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के साथ ही बढ़ते प्रदूषण से धरती को बचाने के लिए अनोखे अंदाज में संदेश देते हुए आह्वान किया।




### बेजोड़ डांस से जमाया रंग

दिव्यांग छात्र-छात्राओं को जेसीआई रायपुर संगवारी ने पहल करते हुए न केवल मंच दिया, बल्कि उनके टैलेंट को उभारने का अवसर भी रविवार को दिया। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कालोनी में 4 राउंड में किए गए रैंप वॉक में समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भी भाग लिया। प्रज्ञा स्कूल रायपुर द्वारा गणेश वंदना करते हुए सामूहिक नृत्य पेश किया गया। देवाश्री गणेशा.. गीत पर बेजोड़ डांस पेश करते हुए दर्शकों में उत्साह भरने का काम किया। इससे पहले आकांक्षा स्कूल रायपुर द्वारा 'मोला मोही डारे संगी, हिली डुली रेंगना ह तोर...गीत पर मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी गई।

### दुर्लभ प्रतिभाओं को संवारने..

संकल्प सेवा राजिम स्कूल द्वारा पर्यावरण का संदेश देते हुए रैम्प वॉक, आकांक्षा एवं प्रज्ञा स्कूल रायपुर के बच्चों ने साइन लैंग्वेज में मंत्रोच्चार करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वहीं, सार्थक स्कूल धमतरी द्वारा किए गए रैम्प वॉक को दर्शकों ने खूब सराहा। इन दुर्लभ प्रतिभाओं को संवारने का काम स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। इस टैलेंट शो में सूर्य नमस्कार थीम पर सोलो एवं ग्रुप डांस, स्पीच, वाद्य यंत्र पर प्रस्तुति दी गई। इसमें देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत और देश-प्रदेश की अलग-अलग थीम पर डांस किया। शो में बिलासपुर से व्हिलचेयर पर डांस करने वाली प्रस्तुति को सराहा गया।

### प्रमोटर्स संग मंच पर रैम्प वॉक

भिलाई के गौकरण ने पैर से लाइव पेंटिंग का प्रदर्शन करते हुए लोगों का दिल जीत लिया। इसमें लगभग 90 बच्चों ने एक-एक प्रमोटर्स के साथ स्टेज पर रैम्प वॉक किया। जेसीआई से मुख्य रूप से सुपर चैप्टर के चेयरमैन सिनेटर राजेश अग्रवाल, सिनेटर अमिताभ दुबे, एआईजी संजय शर्मा, जेसी लीना वाढेर, जेसी चित्रांक चोपडा, जेसी अखिलेश शर्मा, जेसी वेंकट राव ने प्रतिभाओं की हौसला आफजाई की। संचालन श्रद्धा नायक, किर्ती ठाकुर, हरदीप कौर, रात्री लहरी द्वारा किया गया। स्वागत उदबोधन जेसी राहूल देव मेश्राम एवं जेसी अनुराग तैलंग ने दिया।

## धर्म लाइव

# 61वें सप्ताह में महिलाओं ने सामूहिक रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का किया पाठ



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति द्वारा शनिवार को महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी सभागृह में महिलाओं के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अवंती विहार, शंकर नगर और देवेंद्र नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं, वल्लभनगर, बूढ़ापारा और सरोना केंद्र की महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों के मंदिरों में भी इस सप्ताह सामूहिक पाठ जारी रखा। मंडल की आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि यह साप्ताहिक पाठ अभियान पिछले 61 सप्ताह से लगातार जारी है। महिला केंद्रों द्वारा हर शनिवार को रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का नियमित पाठ किया जा रहा है। इस शनिवार, 1 मार्च को अवंती विहार, शंकर नगर और देवेंद्र नगर महिला केंद्र की संयोजिका नीता भंडारकर, आरती गोवर्धन और सविता भागडीकर ने मंडल के मिनी हाल में इस पाठ को संपन्न किया।

### रामरक्षा स्तोत्र का पाठ भी

शंकर नगर बाल वाचनालय और गार्डन की प्रभारी रेणुका पुराणिक ने बताया कि प्रियदर्शिनी नगर स्थित मंदिर में वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं ने हनुमान चालीसा और रामरक्षा स्तोत्र का पाठ किया। इस दौरान मनीषा सदन, सीना दुबे, दीपाली गोयल, श्रीवास्तव, नीलू दवे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। सालासर सोसाइटी सरोना स्थित हनुमान मंदिर में सरोना केंद्र की महिलाओं ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान विभा पांडे, आरती ठोंबरे, मीना परदेशी, गायत्री चंद्राकर, तनु श्रीधर, और गिरजा साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। वहीं, बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में पूरे उत्साह के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## सिटी लाइव

# एआई के जरिए पेशेंट केयर पर चर्चा, गंभीर रोगों का बताया उपचार



**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में मेडिसिन विभाग द्वारा वार्षिक राज्यस्तरीय सम्मेलन मेडिसिन अपडेट -2025 का आयोजन महाविद्यालय परिसर स्थित स्व. अटलबिहारी वाजपेयी सभागार में हुआ। इस दौरान प्रदेशभर के सौ से अधिक मेडिसिन विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में मुख्य अतिथि आयुष विवि के पूर्व कुलपति डॉ. जीबी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मेडिसिन विभाग नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. शशांक गुप्ता शामिल हुए। संबोधन के दौरान का र्डि यो लॉ जी , गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी तथा रूमेटोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नवीन तकनीक एवं आधुनिकता के दौर में लोगों की समस्यों को जोर दिया।

### सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस दुर्लभ बीमारी नहीं

डॉ. मनोज लाहोटी ने बताया कि जीआई ब्लीडिंग प्रतिवर्ष एक लाख लोगों में 150 को प्रभावित करती है। एंडोस्कोपी ने जीआई के निदान और चिकित्सा में क्रांति लाई है। यह रक्तस्राव के स्रोत की पहचान करता है और तत्काल उपचार को सफल बनाता है। जीआई रक्तस्त्राव के लिए एंडोस्कोपिक डॉपलर जांच, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड सहायक हैं और इसके उपचार के लिए यांत्रिक, थर्मल, इंजेक्शन, हेमोस्टेटिक पाउडर सुविधा अस्पतालों में उपलब्ध है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. एचपी सिन्हा कहा कि सीवीटी दुर्लभ बीमारी नहीं है, यह अधिक्तर युवा रोगियों को प्रभावित करती है।

## समाज इवेंट

# महिलाओं ने सीखा सेल्फ मेकअप हेयर स्टाइल बनाने की तकनीक भी



रायपुर। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत भटगांव में 47 महिलाओं के लिए सात दिवसीय निःशुल्क सेल्फ मेकअप और हेयर स्टाइल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यक्तित्व में निखार लाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भटगांव के पूर्व सरपंच अरुण कुमार हरवंश उपस्थित रहे।प्रशिक्षण का संचालन याशिका मेथानी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को त्वचा की देखभाल, स्मोकी मेकअप, नॉर्मल मेकअप और विभिन्न हेयर स्टाइल बनाने की तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### कौशल को पहचान कर आत्मनिर्भर बनें

कार्यक्रम में महिलाओं को सरल और प्रभावी मेकअप के तरीके सिखाए गए, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में इन तकनीकों का उपयोग आत्मविश्वास के साथ कर सकें। समारोह में मुख्य अतिथि अरुण कुमार हरवंश ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी प्रतिभा और कौशल को पहचान कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम में केयर स्किल फाउंडेशन के सदस्य सनील जांगड़े, भूमिका साहू, हेमा मानिकपुरी और प्रकाश चंद कुर्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को उनके कौशल को निखारने, आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज में सम्मानित स्थान दिलाने में सहायक साबित होते हैं।

● दर्जनभर से अधिक राज्यों के कलाकारों ने प्रदर्शनी में लगाए स्टॉल, दैनिक उपयोगी वस्तुओं की बिक्री अधिक

# 'माटी के रंग' में पारंपरिक हस्तकला की झलक राजस्थानी कंगन और साड़ी पर उकेरी संस्कृति

आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित 'माटी के रंग' प्रदर्शनी ने आकर्षक और विविध वस्त्रों का अनोखा कलेक्शन प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न राज्यों से पारंपरिक और हैंडलूम वस्त्रों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में 120 स्टॉल्स लगाए गए हैं।

**रायपुर।** प्रदर्शनी में जबलपुर, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कश्मीर, झारखंड और मुंबई जैसे राज्यों से आए व्यापारी अपनी पारंपरिक और डिज़ाइन की गई वस्तुएं बेच रहे हैं। इस प्रदर्शनी में एम्ब्रॉयडरी जूती, राजस्थानी कंगन, लकड़ी के फूलदान और ऐक्रेलिक पेंटिंग जैसे आइटम खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खरीदारों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए दुकानदार अपनी वस्तुएं सस्ते दामों पर उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे यह प्रदर्शनी विशेष रूप से किफायती हो गई है। इस प्रदर्शनी ने अपने पारंपरिक और आधुनिक कलेक्शन से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है और इसे एक बेहतरीन खरीदारी का अनुभव प्रदान किया है।





### खरीदारों की पहली पसंद ऐक्रेलिक पेंटिंग

*ऐक्रेलिक पेंटिंग से सजी दुकान खरीदारों में खिंचाव के कारण रही, जहां बुद्धा, भगवान, प्रकृति की पेंटिंग को लकड़ी और ऐक्रेलिक की मदद से तैयार किया गया है। नागपुर के व्यापारी आश कुमार ने बताया कि दुकान में फ्रेम, मिरर, की-हैंडल, पेंटिंग जैसी 10 से अधिक वस्तुएं उपलब्ध हैं। इसे लोगों की पसंद और मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, दुकान में मौजूद वस्तुओं की कीमत 50 रुपए से शुरू है।*





### फूलदान पर खूबसूरत नक्काशी

सागौन और शीशम की लकड़ियों पर कलाकार की नक्काशी शहरवासियों को खूब भा रही है, स्टॉल पर फूलदान, संदूक, सजावटी वस्तुओं की खरीदी की जा रही। फूलदान और संदूक को आकर्षक रूप देने के लिए हाथों से नक्काशी की गई है, जिसमें लगभग 20 से अधिक डिजाइन लाई गई है। उत्तरप्रदेश से आए दुकान संचालक मो. इल्याम ने बताया कि एक वस्तु को तैयार करने में 1-2 दिन का वक्त लगता है। इसकी कीमत 2-10 हजार तय की गई।

### जयपुरी, राजस्थानी चूड़ियों का कलेक्शन

राजधानी के व्यापारी मोहित अंसारी ने बताया कि दुकान में राजस्थान और जयपुर के डिजाइनर कंगन उपलब्ध है। इसे कारीगरों द्वारा विशेष तौर पर तैयारी किया गया है, कंगनों का डिजाइन युवतियों, महिलाओं और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। आजकल महिलाएं लाइटवेट कंगन पसंद करती हैं। स्टॉल में कांच की डिजाइनर जयपुरी चूड़ी विशेष है, जिसकी कीमत 50-150 रुपए तय की गई।

### एम्ब्रॉयडरी डिजाइनर जूती

वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए, प्रदर्शनी में एम्ब्रॉयडरी, लेदर और वेलवेट फेब्रिक में जूती का स्टॉल सजाया गया। इस दौरान महिलाओं की भीड़ दुकान में देखने को मिली, जिन्होंने सस्ते दामों पर मनपसंद जूती खरीदी। जबलपुर से दुकान संचालक सागर श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर से जूती मंगाई गई, जिसे कारीगरों द्वारा तैयार किया गया। इसमें विशेष तौर पर हाथों से एम्ब्रॉयडरी डिजाइन दी गई, जिस पर पक्षी, प्रकृति, हाथी, फूल-पत्ते जैसी अनेक डिजाइन बनाई गई हैं।

# दीवारों पर कारगिल की यादें



**रायपुर।** पुलिस लाइन की दीवारों पर कारगिल विजय दिवस की थीम पर कलाकृतियां उकेरी गई हैं, जो लोगों को कारगिल युद्ध की याद दिलाती हैं। इन दीवारों पर सेना के जवानों के पराक्रम और युद्ध के दृश्यों को चित्रित किया गया है, जो युद्ध के साहसिक पल और सैनिकों की वीरता को सजीव रूप से दर्शाते हैं। ये कलाकृतियां न केवल कारगिल युद्ध की वीर गाथाओं को जीवित रखती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को उस संघर्ष और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि भी अर्पित कर रही है।





# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज फिजूलखर्ची रोकने करेगा निशुल्क सामूहिक विवाह



**रायपुर।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने अब वैवाहिक आयोजन पर होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने के लिए मुहिम चलाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय रविवार को कार्यकारणी की हुई बैठक में लिया गया है । अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला की अध्यक्षता में निःशुल्क व्रतबंध की समीक्षा के बाद जल्द ही ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया गया है। समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि कार्यकारिणी ने सर्व सहमति से यह निर्णय लिया है कि सामाजिक सामूहिक विवाह में द्वारचार से लेकर लड़की की विदाई तक होने वाले सभी प्रकार के खर्च को समाज वहन करेगा। डॉ. शुक्ला ने निःशुल्क विवाह का उद्देश्य फिजूल खर्च पर रोकना है। साथ ही परिजनों से विवाह की राशि को विवाह के बाद नव दंपत्तियों को देने की अपील की गई है। इससे वर-वधू विवाह के बाद सुचारू रूप से जीवन यापन कर सकेंगे।

### 16 मार्च को होगा होली मिलन

सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपरा का विद्वान आचार्यों की निगरानी में निर्वहन किया जाएगा। कार्यकारिणी ने यह भी तय किया कि सामूहिक निःशुल्क विवाह में सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य वर-वधू भी शामिल हो सकेंगे। मीटिंग में ब्राह्मण समाज के सभी निर्वाचित महापौर, पार्षदों, जिला व जनपद सदस्यों का सम्मान करने और 16 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। मीटिंग में कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने आय-व्यय का विवरण दिया। इस दौरान राजेश त्रिपाठी, आरएल द्विवेदी, संगम लाल त्रिपाठी, अभय तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**सामाजिक पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक में लिया आयोजन करने का निर्णय**

गर्मी में सेहत बनाने एक्सरसाइज के साथ डाइट में भी बदलाव करना जरूरी

# गर्मी में 90 मिनट से अधिक एक्सरसाइज बिगाड़ सकती है फिटनेस, शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने शाम को जाएं जिम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मौसम बदलने के साथ ही फिटनेस सेंटर और जिम में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाती है। गर्मियों की छुट्टी में कम समय में आकर्षक काया का सपना लिए युवाओं को जिम तक ले तो आती है, लेकिन मौसम में आए बदलाव के मुताबिक अगर एक्सरसाइज का पैटर्न, समय, डाइट और फिटनेस का खास ख्याल न रखा जाए तो यह नुकसानदायक भी हो सकता है। हरिभूमि ने शहर में प्रोफेशनल जिम एक्सपर्ट से बातचीत की। उनका कहना है कि गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद लोग के बेहतर स्वस्थ जीवनशैली के लिए जिम के एक्सरसाइज में बदलाव जरूरी है। डिहाइड्रेशन से बचने अधिक पानी पीना काफी नहीं होगा, इसलिए डाइट में ठंडे फलों और सलाद को शामिल करना होगा, ताकि शरीर में गर्मी न हो। जूस को पानी से रिप्लेस न करें। अगर स्वीमिंग आती है तो इस मौसम में जिम के साथ यह बेस्ट एक्सरसाइज रहेगी।



### गलत मिथ- ज्यादा एक्सरसाइज से शरीर अच्छा बनेगा

फिटनेस एक्सपर्ट विक्रम बताते हैं कि वर्तमान में जिम में कई तरह की मशीनें उपलब्ध हैं। लोगों के बीच यह मिथ बना हुआ है कि बेहतर फिटनेस के लिए जितना देर तक एक्सरसाइज करेंगे, शरीर को उतना ज्यादा फायदा होगा। यह गलत मिथ है। ऐसा करना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। गर्मी के मौसम में जिम में प्रतिदिन 60 से 90 मिनट तक ही एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसे एक सही समय माना जाता है। हालांकि, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि एक्सरसाइज लाइट है या तेज। जो एक्सरसाइज तेज है तो उसे ज्यादा देर तक नहीं किया जा सकता है। अगर हल्की एक्सरसाइज है, तो तेजी की अपेक्षा ज्यादा देर तक कर सकते हैं। इन दोनों ही कंडीशन में बराबर कैलोरी बर्न कर सकते हैं और फिटनेस बेहतर बना सकते हैं। हल्की एक्सरसाइज को भी 90 मिनट से ज्यादा देर तक करने से बचना चाहिए। ओवर एक्सरसाइज करने से सेहत को नुकसान हो सकता है।

### हफ्ते में 3 से 4 दिन की एक्सरसाइज से भी शरीर बनेगा सेहतमंद



गर्मी में वातावरण व शरीर दोनों का तापमान बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक व डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सुबह या शाम को ठंडक में इनडोर लाइट एक्सरसाइज करनी चाहिए। यह समय शरीर के अतिरिक्त फैट को कम करने के लिए बहुत ही अच्छा होता है। इसलिए सामान्य तापमान वाले जिम में वर्कआउट, वॉकिंग, रनिंग, साइकिलिंग, एब्स और साइड डंबल करना फायदेमंद है। गर्मियों में शोल्डर, चेस्ट, आमस, बैक व थाइज के लिए की जाने वाली एक्सरसाइज, बेंच प्रेस, चेस्ट प्रेस, शोल्डर प्रेस, शोल्डर, डंबल, कर्लिंग, क्लोज कर्लिंग, क्लोज डंबल, स्कॉट या साइड डंबल करते हुए बहुत अधिक वजन लगाने के बजाय अधिक रिपीटेशन करें। अगर एक्सरसाइज रोजाना न भी हो पा रही हो, तो कोई बात नहीं। आपके लिए हफ्ते में तीन से चार दिन एक्सरसाइज के लिए काफी है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए बीएसपी टीम चुनी जाएगी 5 को




**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन, बोकारो में 18 मार्च से 20 मार्च तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा का आयोजन 05 मार्च को शाम 06:30 बजे से भिलाई इस्पात संयंत्र के वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जाएगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक, उनके परिवारजन और भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से बी.एस.पी. वालीबॉल टीम के लिए योग्य खिलाड़ी का चयन किया जाएगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीकरण 05 मार्च 2025 को संध्या 06:00 बजे तक चयनकर्ता दीपक मित्रा एवं अजय कुमार सोनी के पास करवा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक (की.सा. एवं ना.सु.) अभिजीत भौमिक होंगे।

### सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बोकारो चैंपियन, भिलाई उपविजेता



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा, वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-01, भिलाई में हुई सेल वालीबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में बोकारो स्टील प्लांट चैंपियन रहा। वहीं भिलाई स्टील प्लांट की टीम उपविजेता रही। 25 फरवरी से जारी इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 28 फरवरी को देर शाम आयोजित किया गया। फाइनल में बोकारो ने भिलाई इस्पात संयंत्र को सीधे सेटों में पराजित कर 2024-25 की सेल वालीबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बोकारो स्टील प्लांट ने पहले सेट में 25-13 और दूसरे सेट में 25-14 से भिलाई इस्पात संयंत्र को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र उपविजेता के रूप में सम्मानित हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा थे। समारोह में विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोशियेशन के अध्यक्ष एवं सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, डीएसपी (क्राइम ब्रांच, भिलाई) हेम प्रकाश नायक, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ स्ट्रेटेजिक एचआर एंड पीआईओ) एच शेखर और महासचिव (ओए) परविंदर सिंह मौजूद थे।

इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर दुर्गापुर स्टील प्लांट रहा। यह मैच दुर्गापुर और इसको स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर के बीच खेला गया। दुर्गापुर ने (2-1) अंक से यह प्रतियोगिता जीतते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले सेट में 25-16 से, दूसरे सेट में 18-25 से और तीसरे सेट में 15-13 से जीत दर्ज कर दुर्गापुर ने तीसरे स्थान पर विजय प्राप्त की।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी के लिए बीएसपी टीम चुनी जाएगी कल



**भिलाई।** राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 14 मार्च से 16 मार्च तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। प्रतियोगिता में बीएसपी टीम के गठन हेतु पंत स्टेडियम कबड्डी ग्राउंड (सेक्टर-1), भिलाई में 04 मार्च को शाम 5:00 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक, उनके परिवारजन और भिलाई नगर सीमा के बेरोजगार युवा (बालक) खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 04 मार्च 2025 को संध्या 5:00 बजे से पूर्व पंत स्टेडियम कबड्डी ग्राउंड (सेक्टर-1), भिलाई में चयनकर्ता राम प्रजापति , रणधीर एवं विकास कुमार के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।


इस चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) श्री अभिजीत भौमिक रहेंगे।

#### क्रोनिक बीमारियों की महामारी का अलर्ट है बढ़ता मोटापा

# तीन दशकों में चार गुना से अधिक बढ़ गई मोटापे की समस्या, हमारी बदलती जीवनशैली जिम्मेदार

अधिक वजन या मोटापा की समस्या, स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताकारक स्थिति हो सकती है। इसे कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारक भी माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी क्रोनिक बीमारियों और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि दुनियाभर में जिस प्रकार से सभी उम्र के लोगों में मोटापे की दिक्कत बढ़ती जा रही है, इसने भविष्य में कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल करने के उपाय करते रहना चाहिए।

मोटापे के बढ़ते जोखिमों को लेकर हाल ही में किए गए अध्ययन की रिपोर्ट काफी चिंताजनक है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित विश्लेषण के अनुसार, दुनियाभर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक बिलियन (एक अरब) से अधिक हो गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, साल 1990 के बाद से कम वजन वाले लोगों की घटती व्यापकता के साथ अधिकांश देशों में मोटापा के शिकार लोगों की संख्या काफी बढ़ी है। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी इसके शिकार देखे जा रहे हैं। अधिक वजन की स्थिति सभी लोगों के लिए समस्याकारक हो सकती है।



## अध्ययन में क्या पता चला?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अन्य सहयोगियों के साथ इस वैश्विक डेटा के विश्लेषण में अनुमान लगाया है कि दुनियाभर के बच्चों-किशोरों में साल 1990 की तुलना में 2022 में, यानी तीन दशकों में मोटापे की दर चार गुना बढ़ गई है। वयस्क आबादी में, महिलाओं में मोटापे की दर दोगुनी और पुरुषों में लगभग तीन गुना से अधिक हो गई। अध्ययन के अनुसार साल 2022 में 159 मिलियन (15.9 करोड़) बच्चे-किशोर और 879 मिलियन (87.9 करोड़) वयस्क मोटापे के शिकार पाए गए ह

## कुपोषण का जोखिम



रिपोर्ट के मुताबिक साल 1990 से 2022 के बीच, विश्वभर में कम वजन से प्रभावित बच्चों और किशोरों का अनुपात लड़कियों में लगभग पांच हिस्सा और लड़कों में एक तिहाई से अधिक कम हो गया है। इसी अवधि में कम वजन के कारण प्रभावित वयस्कों का अनुपात भी आधे से भी अधिक कम हुआ है।


गौरतलब है कि मोटापा और कम वजन, दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और कई मायनों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। नवीनतम अध्ययन पिछले 33 वर्षों में कुपोषण के दोनों रूपों और इसके कारण होने वाले संभावित जोखिमों को लेकर अलर्ट करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से लोगों में अधिक वजन की समस्या बढ़ी है, ये क्रोनिक बीमारियों की महामारी का भी संकेतक माना जा सकता है।

## क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर और अध्ययन के लेखक माजिद इज्जती कहते हैं, यह बहुत चिंताजनक है कि मोटापे की समस्या जो 1990 में दुनिया के अधिकांश हिस्सों में वयस्कों में ही अधिक देखी जा रही थी, अब स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों को भी अपना शिकार बना रही है। करोड़ों लोग अभी भी कुपोषण से प्रभावित हैं, खासकर दुनिया के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में। कुपोषण के दोनों



रूपों के कारण कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। अध्ययन में पाया गया है कि 1990 से 2022 तक, वैश्विक मोटापे की दर लड़कियों और लड़कों में चार गुना से अधिक हो गई है, ये वृद्धि लगभग सभी देशों में देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन दिनों दुनियाभर में जिन बीमारियों के कारण मौत का जोखिम और स्वास्थ्य जटिलताएं सबसे ज्यादा बढ़ती हुई पाई गई हैं, उनमें से अधिकतर के लिए अधिक वजन की समस्या को ही प्रमुख कारण माना जाता है।



# लिवर की हेल्थ सुधारने और स्ट्रांग बनाने में एक्सरसाइज कर सकती है मदद

लिवर, यकृत, जिगर या कलेजा शरीर का सबसे अहम हिस्सा है। प्रोटीन संश्लेषण, पाचन के लिए एंजाइम बनाना, डाइजेशन करना, एनर्जी स्टोर्ड करना, प्रोटीन बनाना और डिटॉक्सीफिकेशन आदि इसके काम हैं। इसलिए इसे ह्यूमन बॉडी का सबसे अहम अंग माना जाता है। यह सबसे बड़ी ग्रंथि है, जो पेट में दाहिनी ओर डायाफ्राम के नीचे होती है। इसका आकार त्रिकोणीय होता है जिसका वदज शरीर के वजन के 50वें हिस्से के बराबर होता है। इसका हेल्दी रहना जरूरी होता है क्योंकि शरीर की अधिकतर बीमारियां पेट से जुड़ी होती हैं। लिवर हेल्थ में एरोबिक एक्सरसाइज विशेष रूप से मदद कर सकती हैं। यही कारण है कि यकृत रोग से पीड़ित रोगियों के लिए योग, किगॉन्ग और ताई ची करने की सिफारिश की जाती है।

आपको कुछ ऐसी होम एक्सरसाइज के बारे में जानना चाहिए, जो लिवर हेल्थ को सही रखने और इसे मजबूत बनाने में मदद कर सकती हैं। ये एक्सरसाइज लिवर हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालेंगी। इन एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले डॉक्टर के साथ अपनी दिनचर्या और एक्सरसाइज के बारे में डिस्कस जरूर करें।

## ब्रीद के साथ हाथ उठाएं



आर्म रेज, चीगोंग प्रैक्टिस के सबसे आवश्यक एलिमेंट में से एक है, यह पूरे शरीर को डिटॉक्सिफाई और एक्टिव करने के लिए जाना जाता है। चाइनीज मेडिसिन के अनुसार, लिवर हमारे ब्लड को 1 बजे और 3 बजे के बीच फिल्टर करता है। लिवर में स्थिर रक्त को रोकने के लिए एक्सरसाइज करने का सबसे सही समय सुबह ही है।

इसे करने के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को बगल में रखें। सांस अंदर खींचते हुए दोनों हाथों को सांस की गति से ऊपर उठाएं और सिर के ऊपर तक लेकर जाएं। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को नॉर्मल स्थिति में लाएं। यह एक रेप्स कहलाएगा। जितने संभव हो उतने रेप्स से शुरुआत करें। धीरे-धीरे लगभग 50 रेप्स तक पहुंचें। इसे करने का तरीका देखने के लिए ऊपर दिया गया वीडियो देख सकते हैं।

## सिंपल लिवर सेल्फ-मसाज

मालिश या मसाज के द्वारा लिवर से जमा हुआ ब्लड हटा सकते हैं। इससे रक्त परिसंचरण में सुधार हो सकता है। यह समझने के लिए कि मालिश कहां करनी है, आपको अपने लिवर का पता लगाना सीखना होगा। दांयी तरफ लेटकर, घुटने मोड़कर और थोड़ा आगे की ओर झुककर लिवर पर मसाज की जा सकती है। आमतौर पर लिवर डायाफ्राम (पसलियों के नीचे) के ठीक नीचे होता है, जो आपके दांयी ओर होता है।



# रमजान के दौरान इफ्तार के लिए ऐसे सजाएं डाइनिंग टेबल

इस वर्ष रमजान 1 मार्च की शाम से शुरू हो गया। 2 मार्च को पहला रोजा रखा गया। रमजान के पाक महीने में लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं। इस दौरान शाम के वक्त रोजा इफ्तार करते हैं। इसके लिए लोग अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ एकत्र होकर इफ्तार पार्टी भी करते हैं। इफ्तार के समय परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर रोज़ा खोलने का अलग ही आनंद होता है।



इफ्तार पार्टी सिर्फ खाने-पीने का ही नहीं, बल्कि साथ बैठकर एक यादगार शाम बिताने का भी मौका होता है। अगर आप घर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रहे हैं, तो डाइनिंग टेबल की खूबसूरत सजावट से माहौल और भी खास बनाया जा सकता है। थोड़ी क्रिएटिविटी और प्लानिंग से आपकी इफ्तार पार्टी यादगार बन जाएगी। यहां इफ्तार के लिए डाइनिंग टेबल को खूबसूरती से सजाने के तरीके बताए जा रहे हैं।

## थीम के मुताबिक सजावट

इफ्तार पार्टी के लिए एक थीम तय करें। एथनिक और मिनिमल थीम अपना सकते हैं। अरबी स्टाइल लुक के लिए गोल्डन और ब्लू थीम, इस्लामिक रंगों हरे और सफेद से प्रेरित थीम और ताजगी व शांति का एहसास कराने के लिए फ्लोरल डेकोरेशन थीम का चयन कर सकते हैं।

## रोशनी और सेंटरपीस

डाइनिंग टेबर के मध्य में एक खूबसूरत लैंप या मोमबत्ती स्टैंड रख सकते हैं, ये टेबर को रॉयल रुक देगी। चाहें तो अरबी स्टाइल लटर्न या दीवारों और मेज के चारों ओर फेयरी लाइट्स लगा सकते हैं।

## खास सर्विंग सेट

खजूर, ड्राई फ्रूट्स और शरबत परोसने के लिए सजावटी कटोरी या ट्रे का उपयोग करें। खाने की मेज परर अरबी या पांपरिक ट्रेडिशनल डिजाइन वाले प्लेट्स और गिलास रखें।

# बचा हुआ टूथपेस्ट है काम का, किचन में ऐसे कीजिए इस्तेमाल

टूथपेस्ट तो हर किसी के घरों में होता है, इसका उपयोग न सिर्फ दांतों को चमकाने के लिए कर सकते हैं, बल्कि यह हमारे रसोई की सफाई में बहुत काम आ सकता है।




## मिक्सी की सफाई करें

टूथपेस्ट की मदद से आप मिक्सी की गंदगी और खोई हुई शाइन को वापस पा सकते हैं। मिक्सर में अक्सर तेल, मसाले या पिसा हुआ घोल गिर जाता है, जिसे साधारण डिशबार से नहीं चमकाया जा सकता है। ऐसे में आप स्क्रबर में टूथ पेस्ट लगाएं और मिक्सी में लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। बाद में गीले कपड़े से साफ कर मिक्सी को नया जैसा चमका लें।

## पुराने बर्तनों को चमकाएं

पुराने स्टील के चम्मच और चाकू को भी आप टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकते हैं। एक बर्तन में 2-3 चम्मच पेस्ट डालें और चाकू, छूरी एवं चम्मच को पानी में डालकर उबाल लें। कुछ देर बाद पानी से निकलकर डिशवॉश से साफ कर लें।

## सिंक की गंदगी को साफ करें

सिंक में अक्सर गंदगी जम जाती है, साथ ही स्टील के सिंक की चमक भी खोने लगती है। ऐसे में स्क्रबर में टूथपेस्ट लेकर सिंक में रगड़कर साफ कर लें। सिंक में जमी हुई गंदगी और दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस MATTRESS ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये
5 इंच मोटा 11500 MRP 3000 लेस 8500 4000 4500
6 इंच मोटा 17000 MRP 5000 लेस 12000 पुराना- 5000 गद्दा 7000
8 इंच मोटा 20500 MRP 6500 लेस 14000 पुराना - 6000 गद्दा 8000
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

कूलर एवं खस
हैनीकॉम्ब पैड
कूलर मोटर
एग्जॉस्ट
कूलर पंप
शीतल कूलर के उच्च क्वालिटी के एक की छत के नीचे
कूलर हाउस
हैनीकॉम्ब पैड कूलर/एग्जॉस्ट मोटर खस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'रेड हल्क'की भूमिका निभाने पर हैरिसन बोले- ये मेरे लिए बोनस



'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका निभाने वाले अभिनेता हैरिसन फोर्ड ने एक बातचीत में अपने किरदार को लेकर बात की। वह इस किरदार को खुद के लिए एक बोनस की तरह देखते हैं।'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के जरिए एमसीयू की दुनिया में एक और दिग्गज अभिनेता की एंट्री हो रही है। यह अभिनेता हैं 'हैरिसन फोर्ड। फोर्ड ने हॉलीवुड के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान डेडलाइन से अपनी भूमिका के बारे में बात की। वह फिल्म में राष्ट्रपति थैडियस रॉस उर्फ 'रेड हल्क'की भूमिका निभा रहे हैं।

फोर्ड ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो एक शानदार अभिनेता के काम पर आधारित है। उन्होंने कहा, "जहां तक मेरा सवाल है, यह मेरे लिए एक बोनस है।" फोर्ड ने आगे कहा, " मार्वल यूनिवर्स के नियमों के तहत किसी तरह एक अभिनेता का दूसरे अभिनेता की जगह लेना ठीक है। मुझे यह अवसर पाकर खुशी हुई। मैं हमेशा से मार्वल की फिल्म करना चाहता था। मैं इन मनोरंजनों के आनंद का हिस्सा बनना चाहता था।₹'द इनक्रेडिबल हल्क' में हर्ट ने ब्रूस बैनर के दुश्मन जनरल थैडियस 'थंडरबोल्ट' रॉस की भूमिका निभाई, जो ब्रूस की वैज्ञानिक प्रेमिका बेट्टी रॉस (लिव टायलर) के पिता भी हैं। हैरिसन फोर्ड 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं।

### टॉलीवुड

# 'गुड बैड अग्ली' का दमदार टीजर जारी कई किरदार में एक्शन करते दिखे अजित




साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फैंस को फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब खत्म हो गया। आज आखिरकार फिल्म के निर्माताओं ने 'गुड बैड अग्ली' का टीजर जारी कर दिया है। वहीं, टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म का प्रचार भी शुरू हो चुका है। टीजर में अजित का दमदार लुक देखने को मिला।

28 फरवरी को रिलीज हुए 'गुड बैड अग्ली' के टीजर में अभिनेता अजित कुमार के कई अवतार देखने को मिले हैं। हालांकि, मुख्य तौर पर फिल्म में उनके तीन किरदार नजर आएंगे, लेकिन टीजर में वे कई अवतार में नजर आए। अपने सभी लुक में अजित दमदार एक्शन सीन्स करते दिखे। अजीत को कई गेटअप में दिखाया गया है और वह अपने स्वैग, स्टाइल और शानदार डायलॉग डिलीवरी के साथ दर्शकों की उम्मीदों पर भी खरे उतर रहे हैं।

टीजर में अजित कहते हैं कि दुनिया कुछ स्थितियों में अच्छे लोगों को भी बुरा बना सकती है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया था। दरअसल, यह फिल्म को पहले पोंगल 2025 के मौके पर रिलीज किया जाना था, क्योंकि अजित की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विदामुयार्ची' की रिलीज को रास्ता दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में 'विदामुयार्ची' की रिलीज को भी आगे खिसका दिया गया था। ऐसे रिलीज हो चुकी है। वहीं, फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम 'गुड बैड अग्ली' को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं।

### भोजपुरी

# 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर रिलीज छोटे बेटे की शादी बन गई आग में घी



भोजपुरी सिनेमा में सामाजिक मुद्दों को मनोरंजन के साथ प्रस्तुत करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन के बैनर तले बनी 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतिक सिंह की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं को मनोरंजक ढंग से दर्शाने की कोशिश की गई है। 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर यह संकेत देता है कि यह फिल्म सिर्फ सास-बहू के झगड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पारिवारिक मूल्यों, भावनात्मक रिश्तों और महिलाओं के संघर्ष को भी खूबसूरती से उकेरा गया है। फिल्म में हास्य और रोमांच का बेहतरीन मिश्रण दिखाया गया है, जो इसे आम भोजपुरी फिल्मों से अलग बनाता है।

निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमने इस फिल्म को पूरी मेहनत और लगन से बनाया है ताकि यह दर्शकों को सिर्फ एंटरटेन ही नहीं करे, बल्कि एक मजबूत संदेश भी दे। फिल्म में पारिवारिक संबंधों को गहराई से दिखाया गया है, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करेगा। हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे बड़े उत्साह के साथ स्वीकार करेंगे और इसे अपना प्यार देंगे।

फिल्म का 3 मिनट 42 सेकंड का ट्रेलर भोजपुरी सिनेमा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया।

## लाइफ स्टाइल



स्प्रिंग का जादू

पेरिस में हाउते कॉउचर शो बेहतरीन शिल्प कौशल और कलात्मकता पर ध्यान केंद्रित करता हैं और इसका हिस्सा बनने के लिए सख्त मानदंड तय है। सीधे शब्दों में कहें तो यह उत्कृष्टता का प्रदर्शन है। बेशक, स्प्रिंग 2025 कॉउचर प्रस्तुतियों ने निराश नहीं किया है। वैलेंटिनो में एलेसेंड्रो मिशेल के हाई ऑक्टेन कॉउचर डेब्यू तक डायर में रोमांस की भरमार और शिआपरेली में शिल्प कौशल के लुभावने शो के साथ इसकी मज़बूत शुरुआत हुई।

# बाजार में मिलती हैं कई तरह की लिपस्टिक खरीदने से पहले जरूर जानें, इनकी खासियत

अगर महिलाओं के सबसे प्रिय मेकअप की बात करें तो उसमें लिपस्टिक सबसे ऊपर ही आती है। लिपस्टिक के भी कई प्रकार होते हैं, जिनके बारे में जानना हर किसी के लिए बेहद जरूरी होता है। जिससे आप जब लिपस्टिक खरीदने जाएं तो आपको इसके बारे में सही से पता हो और आप अपने लिए सही लिपस्टिक का चुनाव कर सकें।

### क्रेयॉन लिपस्टिक

आजकल की लड़कियों को क्रेयॉन लिपस्टिक बेहद पसंद आती है। ये देखने में बिल्कुल ऐसी होती है, जैसे कि हम बचपन में रंग भरने के लिए क्रेयॉन का इस्तेमाल करते हैं। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये लंबे समय तक होंठों को नमी देती है। इसके इस्तेमाल से होंठ सूखते नहीं हैं।

### पैंसिल लिपस्टिक

ये देखने में बिल्कुल पैंसिल के जैसी ही होती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले



पैंसिल लिपस्टिक की मदद से होंठों की लाइन बनाएं, इसके बाद आप चाहें तो इसी पेंसिल के इस्तेमाल से लिपस्टिक लगा सकती हैं।

### मैट लिपस्टिक

अगर आपको ऐसी लिपस्टिक पसंद आती हैं, जो लंबे समय तक टिकी रहे तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से पहले होंठों पर लिप बाम जरूर लगाएं। अगर आप लिप बाम का इस्तेमाल नहीं करेंगी, तो होंठ सूखने लगेंगे।

### क्रीम लिपस्टिक

ये बिल्कुल मैट लिपस्टिक की तरह ही होती है। बस फर्क इतना होता है कि, क्रीम लिपस्टिक को आप बिना लिप बाम लगाए लगा सकते हैं। इसका क्रीमी टेक्सचर आपको खूबसूरत लुक देने का काम करता है।

**ग्लॉसी लिपस्टिक-** बहुत सी लड़कियों को ग्लॉसी लिपस्टिक काफी पसंद आती है। ऐसे में आपके कलेक्शन में भी एक ग्लॉसी लिपस्टिक होनी ही चाहिए।

### लिप टिंट

आजकल लड़कियों को लिपस्टिक की बजाए लिप टिंट काफी पसंद आते हैं। इसे कैरी करना आसान होता है। इसके साथ ही इसे लगाना भी काफी आसान होता है।

# साड़ी का बॉर्डर निकालकर दोबारा करें इस्तेमाल, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे



बदलते फैशन के दौर में साड़ी एक ऐसा परिधान है, जो कभी आउटडेटेट नहीं होती। कई बार ऐसा होता है कि महिलाएं एक ही साड़ी पहनते-पहनते बोर हो जाती हैं। ऐसे में हम आपको साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करना जरूर आना चाहिए।

आपको बताएंगे, कि कैसे आप अपनी प्रिय साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कई तरह से कर सकती हैं। इससे आपके पास एक खूबसूरत सा आउटफिट भी तैयार हो जाएगा, साथ ही में आपकी फेवरेट साड़ी आपके पास ही रहेगी। साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं हैं।



### ब्लाउज में लगवाएं बॉर्डर

अगर आपके पास हैवी जरदोजी के वर्क वाली साड़ी है तो आप इसका बॉर्डर निकलवाकर अपने ब्लाउज में लगवा सकती हैं। बॉर्डर का इस्तेमाल ब्लाउज की स्लीव्स में किया जा सकता है। इसके साथ ही आप चाहें तो बैक डिजाइन में भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### प्लेन साड़ी में लगाएं बॉर्डर

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है, जिसे आप खास बनाना चाहती हैं, तो पुरानी साड़ी के बॉर्डर को आप इस प्लेन साड़ी में लगा सकती हैं। इससे आपके साड़ी का लुक काफी बदल जाएगा।

### साड़ी के बॉर्डर को दोबारा कैसे इस्तेमाल करें ?

अपने प्लेन सूट का लुक बदलने के लिए आप साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कर सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर को आप स्लीव्स, नेक और बैक में लगवा सकती हैं।

### दुपट्टे पर लगवाएं

साड़ी के इस बॉर्डर को आप अपने प्लेन या प्रिंटेड दुपट्टे के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपके दुपट्टे का लुक एकदम से बदल जाएगा।

# मेंस फैशन में स्किन केयर से जुड़ी ऐसी गलतियां अक्सर करते हैं लोग

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो जरा सावधानी बरतिए। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने



और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

# अट्रैक्टिव लुक के लिए ऑफिस में पहनें ऐसे फुटवियर, मिलेगी तारीफ

ऑफिस गोइंग वीमेन कई बार इस समस्या में उलझ जाती है कि ऑफिस में वो किस तरह के फुटवियर पहनें जो अट्रैक्टिव लुक दें और साथ ही कंफर्टेबल भी हो। इसी के साथ महिलाएं इस बात को लेकर भी कन्फ्यूज्ड रहती हैं कि कौन-से आउटफिट के साथ कौन-से फुटवियर पहने और इस वजह से कई बार वो गलत फुटवियर को चुनाव भी कर लेती हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए उनकी सारी कन्फ्यूजन खत्म हो जाएगी।

### फ्लैट सैंडल

अगर आपकी हाइट अच्छी है तो आप ऑफिस में फ्लैट सैंडल पहन सकती हैं। फ्लैट सैंडल जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं फ्लैट सैंडल को पेंट या लेगिंग्स के साथ भी पहन सकते हैं। ये फ्लैट सैंडल ऑफिस के परफेक्ट फुटवियर है। फ्लैट सैंडल के कई सारे ऑप्शन आपको बाजार और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल जायेंगे। यहां से आप फ्लैट सैंडल के कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 500 से 1000 की कीमत में मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स



ऑफिस में पहनने के लिए स्नीकर्स भी बढ़िया ऑप्शन है। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस या जीन्स पहनकर ऑफिस जा रही है तो इस ऑउटफिट के साथ स्नीकर्स पहन सकती हैं। इसी के साथ लॉन्ग शर्ट, लॉन्ग टॉप साथ ही टॉप के साथ भी स्नीकर्स पहन सकती हैं। स्नीकर्स में जहाँ इन दोनों वाइट रंग बड़ा ही ट्रेंड इ हैं जिसे खूब पसंद किया जाता है तो वहीं स्नीकर्स के कई सारे ऑप्शन भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जायेंगे। यहां से आप इन्हें सस्ते दामों में कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 300 से 700 के बीच खरीद सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए ऐसी शर्ट, लोग कहेंगे वाह

# सूरज का पारा चढ़ रहा, ऐसे में स्टाइलिश हाफ स्लीव शर्ट खूब जंचेगी आप पर

हाफ स्लीव्स शर्ट गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। लॉकडाउन फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की शॉपिंग करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों को हमने इस तरह की शर्ट्स में देखा है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं।



### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

### बैंड कॉलर शर्ट

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

